नई दिल्ली

शनिवार 4 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीय वर्ष : 29, अंक : 350
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 29
न्यून. 18


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मालदा हिंसा मामला : 19 एफआईआर दर्ज

## एनआईए जांच शुरु, मास्टरमाइंड को एयरपोर्ट से दबोचा, 33 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल में न्यायिक अधिकारियों पर हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही, शुक्रवार दोपहर तक बंगाल पुलिस की ओर से इस मामले में की गई कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है।

## पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के बीच भारत के लिए आई बहुत बड़ी खुशखबरी...

# रक्षा मंत्री ने नौसेना में शामिल की, तीसरी स्वदेशी परमाणु चलित पनडुब्बी 'अरिदमन'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में चल रहे भीषण युद्ध के बीच शुक्रवार का दिन भारत की सामरिक सुरक्षा के इतिहास में मील के पत्थर के रूप में दर्ज हो गया है। जिसके पीछे की बड़ी वजह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा विशाखापट्टनम में भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल की गई तीसरी स्वदेशी परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी 'अरिदमन' है। सूत्रों ने बताया कि इसी के साथ ही देश के न्यूक्लियर ट्रायड यानी परमाणु हथियारों के साथ जमीन, हवा और समुद्र से हमला करने की क्षमता को काफी मजबूती मिलेगी। इसके अलावा अब भारत उक्त क्षमता से लैस अति विध्वंसक हथियारों का डिजाइन ▶▶ शेष पेज 5 पर

- ▶▶ अरिहंत श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी है अरिदमन, जिसका वजन करीब 7 हजार टन है
- ▶▶ 'एक्स' पर पोस्ट में राजनाथ ने लिखा, 'शब्द नहीं शक्ति है अरिदमन'



### रक्षा मंत्री की पोस्ट का सार

अरिदमन के नौसेना में शामिल होने को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से अभी तक फिलहाल आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 3 अप्रैल की सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई अपनी एक पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी थी। जिसमें उन्होंने लिखा कि 'शब्द नहीं शक्ति है अरिदमन'। वहीं, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पिछले साल 2025 में नौसेनादिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में घोषणा करते हुए कहा था कि अरिदमन के परीक्षण अपने अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। जल्द ही यह पनडुब्बी नौसेना में कमीशन हो जाएगी। उन्होंने ये भी बताया था कि अरिदमन पनडुब्बी इस श्रेणी की पूर्व पनडुब्बियों से हर लिहाज से उन्नत होगी।

### 'सदा विजयी' होगी नौसेना

गौरतलब है कि अरिदमन का अर्थ 'सदा विजयी' होता है। लेकिन आम बोलचाल की भाषा में इसे अरिहंत श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी के रूप में जाना जाता है। पनडुब्बी का कुल वजन 7 हजार टन के करीब है। अरिहंत श्रेणी की इन तमाम पनडुब्बियों का निर्माण देश के परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम (एसएसबीएन) के तहत विशाखापट्टनम स्थित जहाज निर्माण केंद्र में उन्नत प्रौद्योगिकी पोत परियोजना (एटीवी) के तहत किया गया है। जिसमें अरिदमन को एस-4 स्ट्रैटेजिक स्ट्राइक न्यूक्लियर सबमरीन का नाम दिया गया। इससे पहले अरिहंत को वर्ष 2016 और अरिघात पनडुब्बी को 2024 में नौसेना में शामिल किया जा चुका है। अरिहंत को 2009 में लांच किया गया था और इसके करीब सात बाद इसे नौसेना में कमीशन किया गया।

### पीएम के पास होगा रिमोट कंट्रोल

अरिदमन पनडुब्बी के अलावा देश के पास मौजूद अन्य सभी परमाणु हथियारों के संचालन की पूरी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के पास है। आसान शब्दों में हम इसे पीएम के पास परमाणु हथियारों के रिमोट कंट्रोल होने के रूप में भी समझ सकते हैं। भारत इन अति ▶▶ शेष पेज 5 पर

दुनिया का सबसे एडवांस और महंगा फाइटर जेट, जिसकी कीमत करीब 840 करोड़

**अमेरिका को बड़ा झटका, ईरान को युद्ध में बड़ी कामयाबी**

# अमेरिका का एक और अत्याधुनिक लड़ाकू विमान एफ-15 मार गिराया

*एफ-15 को न सिर्फ अमेरिका बल्कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली और घातक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। इसे अपराजित रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है*



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने अमेरिका का एक लड़ाकू विमान कथित तौर पर मार गिराया है। विमान को टारगेट किए जाने के बाद पायलट ने छलांग लगा दी। ऐसे में जेट के दो क्रू सदस्यों का पता लगाने के लिए ईरान में तलाशी और बचाव अभियान जारी है। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहली बार है, जब अमेरिका का कोई विमान ईरान ने सफलता के साथ मारकर नीचे गिराया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की है कि ईरान के ऊपर एक अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया है ईरानी सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को गिराए गए विमान के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। इससे पहले 2 मार्च को कुवैत के ऊपर तीन अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल विमान पर फ्रेंडली फायर यानी अपनी ही सेना की गोलीबारी में गिर गए थे। ईरानी सेना ने पायलट का पता देने पर इनाम का ऐलान किया है।

**पायलट को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन ईनाम का ऐलान**



- ***ईरानी सरकारी मीडिया ने विमान के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए***
- ***अमेरिका ने भी की इसकी पुष्टि***

### इस जहाज का गिरना अमेरिका की साख पर बड़ी चोट

एफ-15 को न सिर्फ अमेरिका बल्कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली और घातक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। इसे अपराजित रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है यानी इसे कभी भी दुश्मन के हवाई जहाज ने नहीं गिराया गया है। ऐस में ईरान में इस जहाज का गिरना इसकी साख पर बड़ी चोट है। अमेरिका ▶▶ शेष पेज 5 पर

**ट्रंप ने अपनी ही सेना पर कर दी 'सर्जिकल स्ट्राइक' आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल को हटायाः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ही रात में अपनी सेना और सरकार के बड़े अधिकारियों को हटाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। ट्रंप प्रशासन ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटाकर उन्हें तुरंत रिटायर होने का आदेश दे दिया है। अब ट्रंप सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले ▶▶ शेष पेज 5 पर

मंटुरोव की भारत यात्रा के दौरान हुई उच्च-स्तरीय चर्चाओं का निचोड़

## वैश्विक बाजार में अस्थिरता के बीच रूस ने भारत को दिया तेल सप्लाई बढ़ाने का ऑफर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका युद्ध के बीच हुए रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव की भारत यात्रा शुक्रवार को सफलता के संपन्न हो गई है।



इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें हुईं। जिनमें पश्चिम-एशिया संकट और उससे उत्पन्न चुनौतियों के मध्य दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई है। पीएम मोदी ने अपनी एक 'एक्स' पोस्ट में मंटुरोव के साथ हुई ▶▶ शेष पेज 5 पर

यूएई की राजधानी अबू धाबी के आसमान से बरसी जानलेवा आफत...

## ईरान के मिसाइल हमले की चपेट में आकर घायल हुए 5 भारतीयों समेत 12 लोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और इजरायल के साथ जारी ईरान के युद्ध की चपेट में हर गुजरते दिन के साथ खाड़ी क्षेत्र में रह रहे आम-लोग भी आने लगे हैं। ताजा



मामला बीते गुरुवार को राजधानी अबू धाबी से सामने आया है। जिसमें ईरान की एक मिसाइल के मलबे की चपेट में आकर 5 भारतीयों और 7 नेपाली नागरिकों सहित कुल 12 लोग घायल हो गए हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मीडिया कार्यालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अबू धाबी के सबसे बड़े व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र, खलीफा आर्थिक क्षेत्र में हवाई रक्षा प्रणालियों ने ईरान के इस मिसाइल हमले ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कनाडा में भारत के नए महावाणिज्य दूत के रूप में महावीर सिंघवी ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते वक्त में भारत और कनाडा के संबंधों में आए उतार-चढ़ाव के बीच अब हालात में फिलहाल सुधार देखने को मिल रहा है।




- वर्ष 1999 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं सिंघवी

वरिष्ठ राजनयिक महावीर सिंघवी ने टोरंटो में देश के नए महावाणिज्य दूत के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। वह वर्ष 1999 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। इस नई जिम्मेदारी को संभालने से पहले सिंघवी नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कामकाज देख रहे थे। कनाडा में उनकी नियुक्ति से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों जैसे व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, ऊर्जा और शिक्षा को भी बढ़ावा ▶▶ शेष पेज 5 पर






कमल का फूल केवल भाजपा का चुनाव चिह्न नहीं है, यह जनता के विश्वास और आकांक्षाओं का प्रतीकः भाजपा अध्यक्ष

## असम की जनता का साथ और विश्वास, दोनों भाजपा के साथ, हमारी सरकार फिर बनेगीः नवीन

- कहा, कांग्रेस ने असम के मूल निवासियों की जमीन छीनकर घुसपैठियों को सौंप दी थी लेकिन भाजपा सरकार ने एक लाख एकड़ से अधिक भूमि मूल वासियों को वापस लौटाई है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को असम के उत्तरी कामरूप और मंगलदोई में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया और असम की जनता से प्रचंड बहुमत से भाजपा की जीत की हैट्रिक लगाने की अपील की ताकि 'विकसित असम' और 'विकसित भारत' के संकल्प को और मजबूती मिल सके। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया, उत्तरी कामरूप विधायक और प्रत्याशी दीता कालिता, मंगलदोई से प्रत्याशी नीलिमा देवी सहित अन्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक होगा उन्नत कृषि महोत्सव, राजनाथ करेंगे उद्घाटन

## एक ही जगह में खेती की नई तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार का पूरा समाधानः चौहान

- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मेले में आएंगे



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रायसेन के दशहरा मैदान में 11 से 13 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तर का उन्नत कृषि महोत्सव–प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण देश के किसानों को "प्रयोगशाला से खेत तक" और "बीज से बाजार तक" की पूरी यात्रा एक ही मैदान पर दिखाते हुए विकास की राह पर लेकर जाएगा। चौहान ने इस आयोजन के संबंध में शुक्रवार को क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, प्रगतिशील किसानों और ▶▶ शेष पेज 5 पर

उज्जैन में 'महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम' इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का किया शुभारंभ

# धार्मिक नगर उज्जैन में 15 करोड़ लागत के विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सीएम डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हम सब के लिए गौरव का विषय है कि उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को 15 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। वास्तव में यह अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस नीति की भावना के अनुरूप युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा ▶▶ शेष पेज 5 पर



विज्ञान केंद्र का लोकार्पण

### उज्जैन और डोंगला के आधार पर खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत



डॉ. यादव ने अपने ग्रीनविच भ्रमण के अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्जैन और डोंगला के आधार पर होने वाली खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत है। डोंगला को एस्ट्रोनोमिकल स्टडीज के लिए विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में उज्जैन का यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर सिद्ध होगा। भूमध्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकलना होगा*

*केंद्रीय मंत्री प्रधान ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने जोर दिया कि हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकालकर सृजनशीलता, डिजाइन थिंकिंग और क्रिटिकल थिंकिंग की ओर ले जाना होगा। आज का युग एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग का है, भारत के विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर इस दौड़ में पीछे न रहें, इसके लिए स्कूली स्तर पर ही एआई जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### नकली टूथपेस्ट बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़, मालिक पकड़ा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने कंझावला इलाके में नकली सेंसोडाइन टूथपेस्ट बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है। फैक्टरी के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार एक टीम ने कंझावला के महावीर विहार स्थित एक गोदाम पर छापा मारा और बड़ी मात्रा में नकली सेंसोडाइन टूथपेस्ट, खाली ट्यूब, पैकेजिंग सामग्री, मशीनें, ब्रांड नाम लिखे टेप, गोंद, हीटिंग गन और कच्चा माल जब्त किया। जब्त किए गए सामान की कीमत कई लाख रुपये है और अस्वच्छ निर्माण स्थितियों के कारण इससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा था। करीब आधा दर्जन मजदूरों को इस काम में लगाया गया था। मजदूरों ने पुलिस को बताया कि यह फैक्ट्री रोहिणी निवासी हरि ओम मिश्रा द्वारा चलाई जा रही थी। 58 वर्षीय मिश्रा को बिना लाइसेंस, बिल या वैध दस्तावेजों के किराए के परिसर से फैक्ट्री संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

### बवाना में एलपीजी की कालाबाजारी का भंडाफोड़ 75 सिलेंडर किए जब्त

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में अनिल (50) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 75 सिलेंडर जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और परिवहन की सूचना मिलने के बाद छापा मारा गया था। एक व्यक्ति को मौके से दबोचा गया। गुरुवार शाम बवाना के डिस्ट्रिक्ट पार्क के पास एक पिकअप ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 27 एलपीजी सिलेंडर बरामद हुए। इनमें घरेलू और व्यावसायिक दोनों तरह के सिलेंडर शामिल थे। पूछताछ के दौरान आरोपी सिलेंडरों से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज, लाइसेंस, परमिट, स्टॉक रजिस्टर या स्वामित्व का प्रमाण पेश नहीं कर सका। अनिल ने खुलासा किया कि पास के परिसरों में और भी सिलेंडर रखे हुए हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने इलाके की एक फैक्ट्री के पास दो कमरों और लोहे के एक शेड से 48 अतिरिक्त सिलेंडर बरामद किए गए, जिससे कुल जब्ती 75 हो गई।

### छेनू गैंग का बदमाश हथियार और कारतूस के साथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने छेनू गिरोह के 34 वर्षीय बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक देसी कट्टा व दो कारतूस बरामद किए गये। सलमान कुरैशी गिरोह के अन्य सदस्यों को साजो समान की सहायता प्रदान करता था और वह राजधानी में हाल के कई मामलों में शामिल रहे लुटेरे शहजाद से भी जुड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि उसे विशेष सूचना मिली थी कि कुरैशी लूट की वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहा है। सूचना के आधार पर जाल बिछाया गया और आरोपी को न्यू अशोक नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।

### दो व्यक्तियों और एक नाबालिग को पकड़ा

# झगड़े के बाद युवक की चाकू मारकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हैदरपुर नहर के पास हुए झगड़े में 20 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या का मामला सामने आया है। वारदात गुरुवार को सामने आई। पुलिस ने वारदात के सिलसिले में दो व्यक्तियों और एक नाबालिग को पकड़ लिया है। मुख्य आरोपी की पहचान 18 वर्षीय करण उर्फ तरुण के रूप में हुई है। उसने अपने साथियों 22 वर्षीय मोंटी और एक नाबालिग के साथ मिलकर नितेश उर्फ निक्की पर हमला किया था। पुलिस के अनुसार, नितेश और करण के बीच पहले कहासुनी हुई थी और इसी दौरान आरोपियों में से एक ने पीड़ित पर कई बार चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटनाओं के वास्तविक क्रम का पता लगाने और अपराध में इस्तेमाल किए गए चाकू को बरामद करने के लिए आगे की जांच जारी है।

### आजादपुर मंडी में चाकू मारकर शख्स की हत्या

नई दिल्ली। महेंद्रा पार्क थाना एरिया की आजादपुर मंडी में शुक्रवार को एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामला कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। आरोपी का नाम राहुल (19) है। वह लिबासपुर, दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार महेंद्रा पार्क थाने में शुक्रवार की सुबह आजादपुर मंडी में गन्ना शेड नंबर 4 के पास चाकू मारने की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिलने के बाद हत्या का एक मामला दर्ज किया गया। पीड़ित नाजिम (35) सहारनपुर, यूपी का रहने वाला और पेशे से ड्राइवर था। उसे बाबू जगजीवन राम अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। जांच के दौरान यह पता चला कि पीड़ित और एक चाय बेचने वाले के बीच गुटखा की कीमत को लेकर झगड़ा हुआ था, जो बढ़कर हाथापाई में बदल गया। आरोपी राहुल (19) जो लिबासपुर, दिल्ली का रहने वाला है ने पीड़ित पर चाकू से वार किया। आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया। क्राइम टीम और एफएसएल ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत इकट्ठा किए। मामले में आगे की जांच जारी है।

## बुराड़ी में काजू चोरी के शक में महिला को बंधक बनाकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक महिला को काजू चोरी के शक में बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने पति ने आरोप लगाया है कि तीन महिलाओं ने काजू का पैकेट चुराने का आरोप लगाते हुए उसकी पत्नी को कमरे में बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा। इस संबंध में बुराड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

एफआईआर के अनुसार घटना 28 मार्च की रात करीब सवा नौ बजे से साढ़े नौ बजे के बीच की है। महिला काम से लौटते समय एक सरकारी स्कूल के पास स्थित किराना स्टोर पर रुकी थी। महिला से खरीदारी के बाद तीन महिलाओं ने काउंटर पर सामान का बिल दिखाने को कहा और जब वह बिल दिखाने लगी तो तीनों ने कथित तौर पर उसे धक्का दिया, गाली-गलौज की और काजू का पैकेट चुराने का आरोप लगाया। एफआईआर के अनुसार, विरोध करने पर आरोपी महिलाओं ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और दुकान के पीछे स्थित गोदाम में ले जाकर पिटाई की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान एक व्यक्ति ने कुछ देर के लिए हस्तक्षेप किया, लेकिन महिलाएं मारपीट करती रही। दाहिनी आंख के नीचे सूजन और दाहिने हाथ में 'फ्रैक्चर' समेत पीड़िता को काफी चोटें आई हैं। महिला ने अपना फोन वापस मांगा, लेकिन इसी दौरान वह अचेत हो गई। किसी व्यक्ति द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पीड़िता का पति स्टोर पर पहुंचा जिसकी आवाज सुनकर महिला होश में आई। बाद में दुकान के कर्मचारियों ने उसका मोबाइल फोन लौटाया, जिसके उपरांत पीसीआर को कॉल कर सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को बुराड़ी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी एमएलसी हासिल की गई। बाद में उसे आगे के इलाज के लिए लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि महिला ने अस्पताल में तत्काल बयान नहीं दिया और कहा कि वह इलाज के बाद अपना बयान दर्ज कराएगी। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद वह अपने पति के साथ बुराड़ी थाने पहुंची, जहां उसकी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया।

### रजोकरी में ट्रक की चपेट में आने से शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रजोकरी गांव इलाके में शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रेडी मिक्स संयंत्र के एक कर्मचारी ने वसंत कुंज दक्षिण थाने को कॉल कर हादसे की सूचना दी। मृतक की पहचान रजोकरी निवासी सुरेंद्र शाह के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गुरुग्राम की एक कपड़ा फैक्टरी में काम करने वाला शाह कंक्रीट मिक्स खरीदने के लिए प्लांट आया था। पुलिस के अनुसार जब वह सामग्री इकट्ठा कर रहा था और वाहन के पास जमीन पर बैठा था, तभी अनिल विश्वकर्मा नामक ट्रक चालक ने वाहन पीछे किया, जिससे शाह को टक्कर लगी। टक्कर की वजह से शाह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय कर्मचारी और पुलिस द्वारा उसे तुरंत सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि साक्ष्य जुटाने और घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए फॉरेंसिक और अपराध टीमों को भी मौके पर बुलाया गया था। पुलिस ने कहा कि शुरुआती निष्कर्षों से पता चलता है कि घटना वाहन को पीछे करने के दौरान लापरवाही के कारण हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है।

## एक्सपायर खाद्य उत्पादों रीपैकिंग कर बेचने के आरोप में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने द्वारका में 'एक्सपायर' हो चुके खाद्य और पेय पदार्थों की रीपैकिंग और बिक्री करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त किये गये विभिन्न ब्रांड्स के कोल्ड ड्रिंक्स के 3,096 कैन और बड़ी मात्रा में जाने-माने ब्रांड्स के बिस्कुट शामिल हैं। उनकी पैकेजिंग और स्टिकर में बदलाव किया गया था। आरोपियों के नाम कमल मुदगिल (56), शिवम सिंह (27) और लोकेश कुमार (35) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि द्वारका के बामनोली गांव में कुछ लोग एक अवैध फैक्ट्री चला रहे हैं, जहां बहुराष्ट्रीय ब्रांड्स के 'एक्सपायर' हो चुके या 'एक्सपायर' होने वाले खाद्य तथा पेय पदार्थों की इस्तेमाल योग्य तिथियों के साथ छेड़छाड़ करके उन्हें बाजार में दोबारा बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने द्वारका के सेक्टर-28 स्थित एक गोदाम पर छापा मारा, जहां से उन्हें परिसर के अंदर रखे गए बड़ी मात्रा में शीतल पेय और पैकेट बंद खाद्य पदार्थ बरामद हुए। मौके पर मौजूद शिवम सिंह और लोकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वे अवैध इकाई के मालिक कमल मुदगिल के निर्देशों पर काम कर रहे थे। मुदगिल भी कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंचा और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस बाबत मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## शास्त्री नगर में दिनदहाड़े लाखों की लूट के मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने शास्त्री नगर में दिनदहाड़े 10.65 लाख रुपये से अधिक की लूट को अंजाम देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 मार्च को हुई थी जब शिकायतकर्ता 22 वर्षीय अभिषेक प्रजापति ने अपने नियोक्ता के निर्देश पर शास्त्री नगर से 65,000 रुपये और चांदनी चौक से 10 लाख रुपये एकत्र किए थे। वह बावना में मोज़े बनाने की फैक्टरी में काम करता है। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बंथिया ने बताया कि वह नकदी पहुंचाने जा रहा था जब शाम करीब 5:50 बजे शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने उसे रोका और बंदूक के बल पर उसका बैग छीन लिया जिसमें नकदी थी और फिर मेट्रो स्टेशन की ओर भाग गए। पुलिस ने सराय रोहिल्ला थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद, चार दिन की तलाशी के बाद आरोपी देव मग्गो (24) और रोहित शर्मा (34) को गाजियाबाद के अंकुर विहार इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। पूछताछ के दौरान, टीम ने 5.51 लाख रुपये नकद, एक देसी कट्टा, एक कारतूस और अपराध में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की, जिसे पिछले साल भजनपुरा इलाके से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने इलाके की रेकी की थी और पीड़ित को पीठ पर बैग लिए हुए देखकर उसे निशाना बनाया, क्योंकि उन्हें संदेह था कि बैग में नकदी है। उन्होंने लूटपाट के दौरान पीड़ित को धमकाने के लिए खजूरी खास से हथियार हासिल किया था।

अधिकारी ने कहा कि दोनों आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने लूटी गई रकम का कुछ हिस्सा घरेलू खर्चों और कर्ज चुकाने में खर्च किया। हथियार के स्रोत का पता लगाने और शेष राशि बरामद करने के लिए आगे की जांच जारी है।₹ उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों का आपराधिक गतिविधियों में पहले से संलिप्तता का इतिहास है।

## अंदर से पूरी तरह बिखर चुकी है आम आदमी पार्टी : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) में लगातार बढ़ रहे अंदरूनी असंतोष पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है आम आदमी पार्टी (आप) अपने नेताओं से राघव चड्ढा के विरूद्ध ब्यान दिलवा कर "आप" नेता अरविंद केजरीवाल केवल बाहर से पार्टी को एकजुट दिखने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अंदर से आम आदमी पार्टी पूरी तरह बिखर चुकी है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी में लगातार बढ़ रहे अंदरूनी असंतोष पर शुक्रवार को यह तीखी प्रतिक्रिया दी। सचदेवा ने कहा कि राघव चड्ढा का वीडियो बयान भी इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के भीतर संवाद और लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की स्थापना जिन सिद्धांतों -पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतंत्र - पर हुई थी, आज वही सिद्धांत पार्टी के भीतर पूरी तरह खत्म हो चुके हैं। यही कारण है कि एक के बाद एक वरिष्ठ नेता या तो पार्टी से दूरी बना रहे हैं या खुलकर असंतोष जता रहे हैं।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता अब "आप" की वास्तविकता को समझ चुकी है और यह स्पष्ट है कि यह पार्टी अब केवल सत्ता बचाने के लिए संघर्ष कर रही है, न कि जनता की सेवा के लिए। अरविंद केजरीवाल राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हैं जिन्हें विपक्ष का सामना करने की आदत नहीं है चाहे वह विपक्षी दलों से हो या पार्टी के भीतर।

सचदेवा ने कहा कि जब एक वरिष्ठ सांसद राघव चड्ढा को अपनी ही पार्टी में अपनी बात रखने के लिए सोशल मीडिया जैसे मंच का सहारा लेना पड़े, तो यह उस पार्टी की बिगड़ी आंतरिक स्थिति का गंभीर संकेत है। सचदेवा ने कहा कि राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाना और उनके बोलने के अधिकार तक सीमित करने की कोशिश करना इस बात का संकेत है कि पार्टी नेतृत्व आलोचना से डरता है और असहमति को स्वीकार करने का साहस नहीं रखता।

सचदेवा ने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले स्वाति मालीवाल ने भी पार्टी नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए थे और अब राघव चड्ढा जैसे प्रमुख चेहरा भी दूरी बनाते दिख रहे हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्व मे भी अनेक 'आप' नेताओं के साथ हुए घटनाक्रम और उनकी असहमति भी यह दर्शाती है कि पार्टी के भीतर असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

### इमारत में लगी आग, दो बच्चों सहित चार लोगों को सुरक्षित निकाला

**एजेंसी,नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार इलाके में एक आवासीय इमारत में शुक्रवार को आग लग गई, हालांकि इसमें फंसे दो बच्चों सहित चार लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, मोहनपुरी इलाके की एक इमारत में आग लगने की सूचना अपराह्न लगभग तीन बज कर 50 मिनट पर मिली, जिसके बाद तुरंत दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि आग तीन मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर लगी और घरेलू सामान में फैल गई, जिससे वहां रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, दमकल कर्मियों ने शाम साढ़े चार बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। इस बचाव अभियान के दौरान इमारत से जिन चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, उनकी पहचान सलमान (24), उनकी बेटी हिबजा (3), बेटा हनिमजा (2) और जजीना (50) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग को दोबारा भड़कने से रोकने के लिए मौके पर शीतलन अभियान भी चलाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

## अदालत ने दहेज हत्या के मामले में पति और ससुराल पक्ष के लोगों को किया बरी

**एजेंसी,नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यक्ति और उसके परिवार को घरेलू क्रूरता और शादी के एक साल से भी कम समय में पत्नी की दहेज हत्या से संबंधित सभी आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि मृतका और उसकी एक मित्र के बीच लिखित संदेशों के जरिए हुई बातचीत के मुताबिक महिला में आत्महत्या की प्रवृत्ति का लंबा इतिहास होने के संकेत मिलता हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निपुण अवस्थी ने 30 मार्च को मामले के आरोपी दमन दीप, हरप्रीत सिंह, अमरजीत कौर और मिलन दीप कौर को बरी कर दिया। अदालत ने कहा, "यह सिद्ध होता है कि आरोपियों के किसी भी आचरण को मृतका के प्रति क्रूरता या उत्पीड़न के रूप में जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता और यह भी साबित होता है कि मृतका नकारात्मक भावनाओं और आत्महत्या की प्रवृत्ति से परेशान थी।" अदालत ने 30 मार्च को दिए अपने फैसले में चारों को बरी करते हुए कहा, अतः, यह अदालत पाती है कि अभियोजन पक्ष अपना मामला साबित करने में विफल रहा है और यह साबित नहीं हुआ है कि आरोपियों ने दहेज की मांग के संबंध में मृतक के साथ क्रूरता या कोई उत्पीड़न किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़िता हरिंदर कौर ने छह दिसंबर, 2017 को शादी की थी और उसने 16 फरवरी, 2018 को अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद मृतका की मां द्वारा ससुराल पक्ष के खिलाफ लगाए गए आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मृतका की मां ने आरोप लगाया था कि हरिंदर के पति और ससुराल वाले उसे 10 लाख रुपये के दहेज और एक बड़ी गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे, इसी के साथ शादी के बाद आरोपियों ने उसे मायके भी नहीं जाने दिया था। अदालत ने कहा, आरोपी यह साबित करने में सफल रहे कि पीड़िता की मानसिक स्थिति उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित कर रही थी।

### पुराने विवाद को लेकर परिवार पर हमला, चार पकड़े

**एजेंसी,नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में एक पुराने विवाद को लेकर हुए झगड़े में एक ही परिवार के तीन सदस्यों पर कथित तौर पर हमला किया गया है और पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को पकड़ा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना एक अप्रैल को शाम लगभग छह बजे केएन काटजू मार्ग थाने क्षेत्र के सेक्टर 16 में हुई और इसका एक कथित वीडियो भी ऑनलाइन सामने आया है। उसी रात भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है, और शेष आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद मुस्तफा, पुत्रः कय्यूम, निवासीः धौज धोज, फरीदाबाद** ने **FIR No.: 724/2019, Dated.: 16/12/2019, U/s: 279/304-A IPC, पुलिस थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद मुस्तफा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद मुस्तफा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद मुस्तफा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
जेएमएफसी–07, उत्तर, कमरा नंबर 06, पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/4267/ON/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन, पुत्रः** अमर सिंह, **निवासीः** भूतल और प्रथम तल, प्लॉट नंबर 2 के पास वाला परिसर, आर्य नगर, गोपाल नगर एक्सटेंशन, जाफरपुर, नई दिल्ली–110043 ने मुकदमा **CT No. 920/2022 U/s 135 of the Indian Electricity Act, थानाः बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CT No. 920/2022 U/s 135 of the Indian Electricity Act, थानाः बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पवन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हरलीन सिंह
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश
विशेष न्यायालय (विद्युत)
कमरा नं. 609, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
DP/4127/DW/2026
(Court Matter)



### 'मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना, मैं वो दरिया हूं जो वक्त आने पर सैलाब बनता है'

# खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं हूं : राघव चड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर कथित तौर पर उन्हें राज्यसभा में बोलने से रोकने के लिए तीखा हमला बोलते हुए अपने वीडियो में कहा कि मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना, मैं वो दरिया हूं जो वक्त आने पर सैलाब बनता है। राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि जब भी मुझे संसद में बोलने का मौका मिलता है, मैं जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलता हूं। मैं ऐसे मुद्दे उठाता हूं जिन पर आमतौर पर संसद में बात नहीं होती। क्या जनता के मुद्दों पर बोलना कोई अपराध है। क्या मैंने कुछ गलत किया है। उन्होंने आगे कहा कि ये सवाल आज मैं इसलिए पूछ रहा हूं क्योंकि आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय से कहा है कि राघव चड्ढा के सदन में बोलने पर रोक लगा दी जाए। कोई मुझे बोलने से क्यों रोकेगा। मैं आम आदमी, एयरपोर्ट में महंगे खाने, जोमैटो, ब्लिंकिट के कर्मचारियों की बात रखी, खाने में मिलावट का मुद्दा उठाया, टोल गेट के लूट से लेकर बैंक चार्ज के लूट तक की बात की, मध्यम वर्ग पर टैक्स के बोझ और कंटेंट क्रिएटर्स पर हो रहे हमलों जैसे तमाम मुद्दे मैंने सदन में उठाए। इन मुद्दों को उठाने से देश के आम आदमी का तो फायदा हुआ है। लेकिन इससे आम आदमी पार्टी को क्या नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि भला मुझे बोलने से क्यों रोकना चाहेगा।मेरी आवाज को क्यों दबाना चाहेगा। उन्हें पद से हटाए जाने के कुछ घंटों बाद और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके कथित मतभेदों की अटकलों के बीच चड्ढा ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और संसद के उच्च सदन में दिए गए अपने भाषणों के कुछ अंश पोस्ट किए।

### राज्यसभा में 'आप' के नवनियुक्त उपनेता ने दिल्ली के उपराज्यपाल से की मुलाकात



राज्यसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के नवनियुक्त उपनेता अशोक मित्तल ने शुक्रवार को लोक निवास में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात की। राघव चड्ढा को पद से हटाए जाने के बाद बृहस्पतिवार को आप के पंजाब से राज्यसभा सदस्य मित्तल को पार्टी का नया उपनेता नियुक्त किया गया। मित्तल पंजाब के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलाधिपति हैं। लोक निवास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि जाने-माने उद्यमी, सांसद और राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता अशोक के. मित्तल ने उपराज्यपाल संधू से मुलाकात की।

### जनहित के मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ बोलने से क्यों डर रहे राघव : सौरभ

आम आदमी पार्टी ने पंजाब से राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाने को समान्य कार्रवाई बताया और पार्टी ने राघव चड्ढा पूछा है कि वह देश और पार्टी से जुड़े मुद्दों पर भाजपा सरकार के खिलाफ बोलने से क्यों डर रहे हैं। लगातार पार्टी लाइन के खिलाफ काम रहे थे। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने राघव चड्ढा से कहा कि हम सब लोग अरविंद केजरीवाल के सिपाही हैं और हमने तो एक ही बात सीखी है कि जो डर गया, समझो मर गया। हम सबको तो सरकार की आंखों में आंखें डालकर जनता के मुद्दे उठाने थे। सौरभ ने कहा कि अभी सारी विपक्षी पार्टियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर महाभियोग चलाने के लिए प्रस्ताव लाना चाहा, लेकिन राघव चड्ढा उस पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। जब भी कोई ऐसा मुद्दा आता है, जिस पर विपक्ष वॉकआउट करता है, तो आप वॉकआउट नहीं करते हैं। पिछले काफी अरसे से देखा है कि आपने सदन में ऐसा कोई भी मुद्दा नहीं उठाया, जिसमें भाजपा सरकार से कोई सवाल किया गया हो। सौरभ ने कहा कि अभी गुजरात में आम आदमी पार्टी के करीब 160 कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमों के तहत एफआईआर दर्ज की गई, कई लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन राघव उस पर भी चुप रहे। आम आदमी पार्टी के तमाम नेता जेल में थे। केजरीवाल को बतौर मुख्यमंत्री सरकार ने एक झूठे मुकदमे में गिरफ्तार कर लिया, उस समय भी आप देश में नहीं थे और कहीं जाकर छिप गए थे।सौरभ ने कहा कि मेरा मानना यह है कि देश के लिए असली मुद्दे हमें निडरता और साहस के साथ उठाने पड़ेंगे। भाजपा की आंखों में आंखें डालकर मुद्दे उठाने पड़ेंगे। वरना आपके इन सॉफ्ट मुद्दों से सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। बल्कि भाजपा तो गुरुवार से आपको सोशल मीडिया पर सपोर्ट कर रही है। आप इस बारे में सोचिएगा और देखिएगा कि आप कहां से चले थे और कहां आ गए हैं। देश को किन चीजों की जरूरत है और आप कैसे बेहतर कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## दिल्ली में एलपीजी की आपूर्ति बनी हुई है मजबूतः सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को साफ किया कि राजधानी में द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत बनी हुई है, लेकिन बैकलॉग की वजह से उपभोक्ताओं को सिलेंडर आपूर्ति में वक्त लग रहा है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में अतिरिक्त आयुक्त अरुण कुमार झा ने कहा कि सरकार ने एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ एक नियंत्रण कक्ष शुरू किया है, जहां इसकी शिकायत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ पुलिस के साथ मिलकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर पूरी दिल्ली में पीएनजी के दायरे को बढ़ाने पर है।

## एलजी ने किया अरुण जेटली स्टेडियम का दौरा

नई दिल्ली। उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू ने 3 अप्रैल 2026 शुक्रवार को राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम में आईपीएल मैच में खेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। लोक निवास के अनुसार एलजी ने यह दौरा मैच खेलने वाली टीमों का हौसले बढ़ाने और खेल भावना को आगे बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। एलजी ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल और मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाड़ियों में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव से बातचीत की। एलजी ने अपने संदेश में कहा आज अरुण जेटली स्टेडियम में समर्पित ग्राउंड स्टाफ की मेहनत को सराहने का एक बेहद ज़रूरी मौका है।

## 'निगम प्रशासन ने मांगें नहीं मानी तो करेंगे कामबंद हड़ताल'

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सफाई व्यवस्था को ठेके पर देने के विरोध में कर्मचारियों का आंदोलन तेज होता नजर आ रहा है। निगम मुख्यालय पर 19 मार्च से जारी सांकेतिक अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच अखिल भारतीय मजदूर एकता यूनियन ने अब आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी दी है। यूनियन के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह प्रधान ने शुक्रवार को बताया कि यदि दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने जल्द उनकी मांगों पर संज्ञान लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो 25 अप्रैल से सफाई कर्मचारियों द्वारा पूर्ण कामबंद हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्थिति के लिए पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन और निगम में जनप्रतिनिधियों की होगी। वहीं, एक अन्य यूनियन नेता रणधीर गागट ने बताया कि ठेकेदारी प्रथा लागू होने से न केवल सफाई कर्मचारियों के अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि इससे रोजगार की स्थिरता और कार्य स्थितियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### प्रदूषण पर दिल्ली सरकार सख्त, सीएम रेखा गुप्ता ने लांच किया 'एक्शन प्लान-2026'

# दिल्ली में एक नवंबर से बीएस-6, ईवी और सीएनजी मालवाहकों को ही मिलेगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने शुक्रवार से 'वायु प्रदूषण शमन कार्य योजना' लागू कर दिया है। इसके तहत एक नवंबर 2026 से दिल्ली में बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मालवाहकों को ही एंट्री मिलेगी। वहीं बिना जरूरी काम के दिल्ली आने वाले ट्रैफिक पर भी नियंत्रण किया जाएगा। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने के बाद दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहन से होने वाले प्रदूषण पर सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है और इस मामले में बिल्कुल भी ढील नहीं दी जाएगी। 'नो पीयूसी–नो फ्यूल' (बिना पीयूसी – ईंधन नहीं) नियम को कड़ाई से लागू किया जा रहा है, जिसके लिए एएनपीआर कैमरे और डिजिटल सिस्टम लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब प्रदूषण बहुत ज्यादा बढ़ेगा, तब तुरंत असर के लिए दफ्तरों के समय में बदलाव, वर्क फ्रॉम होम और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर अतिरिक्त रोक जैसे कदम उठाने पर भी विचार होगा ताकि हवा को जल्दी साफ किया जा सके। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली मेट्रो रेल निगम, यातायात पुलिस व सरकार के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन बजट के जरिए दिल्ली सरकार ने साफ हवा और पर्यावरण को अपनी प्राथमिकता बनाया है। इस बजट में साफ परिवहन, धूल पर नियंत्रण, कचरा प्रबंधन, हरियाली बढ़ाने और प्रदूषण की निगरानी के लिए पर्याप्त धन दिया गया है। एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 इन्हीं योजनाओं को तय समय में और पूरी जिम्मेदारी के साथ लागू करेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल घोषणा नहीं, बल्कि संसाधनों, तकनीक और सख्ती के साथ चलाया जा रहा अभियान है, जिसका मकसद दिल्ली के हर नागरिक को साफ और बेहतर हवा देना है।

### वैज्ञानिक आधार पर तैयार योजना

यह एक्शन प्लान प्रदूषण के बड़े कारणों जैसे वाहनों का धुआं, सड़कों की धूल, निर्माण कार्य, फैक्ट्रियों का प्रदूषण और कचरा या बायोमास जलाने को ध्यान में रखकर वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया है। इसमें 11 अहम क्षेत्रों पर काम किया जाएगा और अलग-अलग विभाग मिलकर इसे लागू करेंगे। हर काम के लिए समय-सीमा व जिम्मेदारी तय है और रियल-टाइम निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। ग्रीन बजट से इन सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त पैसा दिया गया है ताकि इन्हें समय पर और सही तरीके से पूरा किया जा सके।

### सार्वजनिक परिवहन और ईवी पर जोर

मुख्यमंत्री के अनुसार सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए सरकार बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। वर्ष 2028-29 तक बसों की संख्या बढ़ाकर 13,760 करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें इलेक्ट्रिक बसों पर विशेष जोर होगा। मेट्रो और आरआरटीएस नेटवर्क के साथ फीडर बसों, ई-ऑटो और अन्य साझा परिवहन साधनों को जोड़कर अंतिम मील कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जा रहा है, जिससे लोग निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए अगले चार वर्षों में 32,000 ईवी चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए जाएंगे। आगामी ईवी पॉलिसी 2026 में दोपहिया और कमर्शियल वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, सरकारी वाहनों को भी स्वच्छ ईंधन में परिवर्तित किया जाएगा। यह पहल दिल्ली को कम उत्सर्जन वाले और भविष्य के लिए तैयार परिवहन तंत्र की ओर ले जाएगी।

## दिल्ली में चली तेज धूल भरी हवाएं, कई जगह हुई बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को तेज धूल भरी आंधी व कई जगह हुई हल्की बारिश ने मौसम का रुख बदला है, जिसके चलते अधिकतम तापमान में तीन डिग्री तक नीचे गिर गया। भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही भविष्यवाणी की थी जो सच साबित हुई। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला बदला रहा। दिन में आसमान पर बादलों का जमावड़ा आता जाता रहा। दोपहर बाद मौसम ने अपना मिजाज बदला और शाम पांच बजे के बाद कई जगहों पर हल्की बारिश होने लगी। तेज हवा के साथ हल्की बारिश का आना जाना लगा रहा। रात आठ बजे के बाद एक बार फिर आसमान पर बादलों का जमावड़ा हुआ और करीब 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज ठंडी हवाओं के साथ बारिश होने लगी। आईएमडी ने शनिवार के लिए अनुमान व्यक्त करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा कि शुक्रवार देर रात से रह रहकर हो रही बारिश सुबह तक जारी रह सकती है। वहीं दिनभर आसमान पर बादलों को देखा जा सकता है। शाम के समय पुन हल्की बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। जबकि आसमान काले बादलों से घिरा रहेगा और बीच बीच में बिजली चमकने के साथ गड़गड़ाहट होने की पूरी पूरी संभावना है। प्री मानसून का यह दौर अगले करीब पांच छह दिन रहेगा। इस दौरान एक दो दिन बारिश शायद न हो लेकिन मौसम सुहावना बना रह सकता है। बारिश व मौसम में बदलाव के चलते अधिकतम तापमान लुढ़ककर 29 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

## इस साल दो और अगले साल आखिरी लैंडफिल साइट हो जाएगी खत्मः एमसीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने तीनों लैंडफिल साइटों से लीगेसी वेस्ट के पूर्ण निस्तारण के लक्ष्य लिए निर्धारित किए हैं। यह समयसीमा ओखला के लिए जुलाई 2026, भलस्वा के लिए दिसंबर 2026 तथा गाजीपुर के लिए दिसंबर 2027 है। एमसीडी पुनः स्पष्ट करता है कि सभी कचरा प्रसंस्करण, परिवहन एवं निपटान गतिविधियां वैज्ञानिक, पारदर्शी एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप की जा रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली नगर निगम ने हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ओखला लैंडफिल साइट से यमुना खादर क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में अवैध रूप से कचरा डंप किए जाने के आरोपों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। एमसीडी ने इन रिपोर्ट्स को तथ्यहीन एवं भ्रामक बताया है। एमसीडी का कहना है कि इन रिपोर्ट्स में यह आरोप लगाया गया है कि पॉलिथीन, कांच, कपड़ा एवं मलबा युक्त कचरा ओखला से लाकर मदनपुर खादर एक्सटेंशन सहित अन्य क्षेत्रों में अनियंत्रित रूप से डाला जा रहा है तथा भलस्वा के मामले में भी इसी प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। एमसीडी इन आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन करती है। एमसीडी ने स्पष्ट किया है कि ओखला लैंडफिल साइट से जो सामग्री परिवहन की जा रही है, वह बिना प्रोसेस हुआ कचरा नहीं है, बल्कि बायो-माइनिंग एवं बायो-रिमेडिएशन की वैज्ञानिक प्रक्रिया से उत्पन्न इनर्ट तथा निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) सामग्री है। इस सामग्री को एनटीपीसी बदरपुर इको पार्क के निकट स्थित एक निर्धारित एवं स्वीकृत स्थल पर ले जाया जा रहा है, जहां इसका उपयोग 42 एकड़ निम्न-स्तरीय भूमि को भरने के लिए किया जा रहा है।

## वायु प्रदूषण से निपटने के 33 संभावित समाधानों का जल्द शुरू होगा परीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या का हल खोजने के लिए दिल्ली सरकार की इनोवेशन चैलेंज प्रतिस्पर्धा के तहत चयनित लगभग 33 समाधानों का अब दूसरे चरण का परीक्षण होने वाला है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इनमें खंभों पर लगने वाले सौर ऊर्जा से संचालित डस्ट ट्रैप, बिना फिल्टर के धुआं और धूल को पकड़ने वाले कार्बन-कैप्च उपकरण, इलेक्ट्रोस्टैटिक मिस्ट स्प्रेयर, स्मार्ट डस्ट-सप्रेशन और मॉनिटरिंग सिस्टम मॉडल, तथा वाहनों में लगाए जाने वाले एयर प्यूरीफायर शामिल हैं, जो कारों के उत्सर्जन की गुणवत्ता सुधारने में मदद करेंगे। बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों में से इन नवाचार को चुना गया था और इन्हें इस साल जनवरी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- दिल्ली में एक प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शित किया गया था। दिल्ली सरकार की इस पहल का उद्देश्य शहर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए व्यावहारिक समाधान खोजना है। एक अधिकारी ने कहा कि इनोवेशन चैलेंज अब दूसरे चरण में प्रवेश करने वाला है, जहां परीक्षण शुरू होंगे और सरकार इसके लिए आवश्यक सभी बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराएगी। अधिकारी ने बताया कि परीक्षण मई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना है और अगले तीन महीनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा।

## अब टेंडर की टोकन मनी ऑनलाइन होगी जमा, पारदर्शिता को मिलेगा बल : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के निर्देश पर टेंडर प्रक्रिया में किया सुधार

सार्वजनिक कार्यों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए अब 'अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट' (टोकन मनी) की जमा प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। मंत्री प्रवेश ने बताया कि पहले निविदाकर्ताओं को संबंधित परियोजना के कार्यालय में जाकर टोकन मनी जमा करनी पड़ती थी।

इस व्यवस्था में अनावश्यक मानवीय संपर्क, सूचना के लीक होने की आशंका और निष्पक्षता पर सवाल उठने जैसी समस्याएं सामने आती थीं। नई व्यवस्था के तहत अब टोकन मनी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी और निविदाकर्ता अपने टेंडर दस्तावेजों के साथ इसकी स्कैन कॉपी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। मूल टोकन मनी केवल एल-1 बोलीदाता को ही निविदा खुलने के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करनी होगी। इस बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि टेंडर प्रक्रिया के दौरान कोई भी अधिकारी या बाहरी व्यक्ति यह नहीं जान सकेगा कि कौन किस परियोजना के लिए बोली लगा रहा है। इससे पक्षपात, दबाव या किसी भी प्रकार के हेरफेर की संभावना समाप्त होगी और प्रक्रिया अधिक सुरक्षित व निष्पक्ष बनेगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह सुधार सिस्टम में विश्वास मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। टोकन मन को पूरी तरह ऑनलाइन करने से अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप खत्म होगा और टेंडर प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी तथा किसी भी प्रकार के दबाव से मुक्त रहेगी।

## हॉस्टलों में छात्रों को भोजन नहीं मिलना चिंता का विषय : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में खाना बनाने के सिलेंडरों की कमी के कारण छात्रों को खाना ना मिल पाना गहन चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को इस गंभीर समस्या का तुरंत हल निकालना चाहिए। यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा कर रहे है कि वैश्विक संकट का आम लोगों पर असर नहीं पड़ रहा। बावजूद इसके रसोई गैस का संकट लोगों की रसोई, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे बड़े ढ़ाबों और जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय के हॉस्टल सहित प्राईवेट कोचिंग लेने वाले छात्रों के हास्टल में पड़ रहा है। व्यवसायिक सिलेंडर की कमी और 1 अप्रैल से 195.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोत्तरी के कारण छात्रों के लिए एक वक्त का खाना भी पहुंच से बाहर हो रहा है। यादव ने कहा कि नार्थ और साउथ कैंपस दोनों परिसरों के हॉस्टल मिरांडा हाउस, गीतांजलि, अरावली और सारामती जैसे हॉस्टल में गैस सिलेंडर के संकट के कारण अनियमित भोजन सेवाओं और सीमित पके हुए भोजन को हरी झंडी दी है। विकल्प के लिए पारंपरिक तंदूर तक स्थापित किए गए जो सरकार की नाकामी को रेखांकित करते है। उन्होंने कहा कि तंदूर जैसे अस्थायी उपाय बड़ी छात्रावास आबादी के लिए अपर्याप्त है, जबकि पिछले एक सप्ताह से हॉस्टल के कर्मचारी चोको पाई, रोटी और अन्य ठंडे सामान खाने के लिए दे रहे है।

# सीमापुरी में सफाई कर्मी की मौतः परिजनों को मुआवजा देने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने डीएम के साथ की बैठक

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी क्षेत्र में नाले की सफाई के दौरान 33 वर्षीय सफाई कर्मी राहुल पाल की मौत के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य करम सिंह कर्मा ने गुरूवार को संबंधित क्षेत्रीय डीएम, एडीएम, एसडीएम, क्षेत्रीय एसीपी, थाना प्रमुख, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

बैठक में सदस्य करम सिंह कर्मा ने जिला प्रशासन को तत्काल जांच रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही पीडब्ल्यूडी को मृतक के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने के आदेश जारी किए। इसके अतिरिक्त एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत नियमानुसार 8.5 लाख रुपये का अतिरिक्त मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए। सदस्य कर्मा ने पुलिस को निर्देशित किया कि संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस मामले में अन्य आवश्यक धाराएं लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक के बाद करम सिंह कर्मा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

## मैराथन के चलते डीएमआरसी ने किया मेट्रो परिचालन में बदलाव, कल सुबह 3 बजे से सेवाएं शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रस्तावित मैराथन दौड़ के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो रेल परिचालन समय में बदलाव किया गया है। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बताया कि 5 अप्रैल 2026 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली मैराथन दौड़ के चलते परिचालन की विशेष व्यवस्था की गई है। दिल्ली मेट्रो ने रविवार को यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली इस मैराथन में हिस्सा लेने वाले लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए येलो, ब्लू और वायलेट लाइन पर मेट्रो सेवाएं सुबह 3 बजे से शुरू होंगी। जबकि इन लाइनों पर ट्रेन 3 बजे से 6 बजे तक हर 30 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। लेकिन उसके बाद अपने समय-सारणी के अनुसार ही सेवाएं जारी रहेंगी। डीएमआरसी ने बताया कि येलो लाइन पर समयपुर बादली से मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम तक, ब्लू लाइन पर द्वारका सेक्टर-21 द्वारका से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी वैशाली तक और वायलेट लाइन पर कश्मीरी गेट से राजा नाहर सिंह तक सुबह 3 बजे से विशेष सेवाएं उपलब्ध होंगी। अन्य सभी मेट्रो लाइनों पर सेवाएं अपने नियमित रविवार के टाइम टेबल के अनुसार ही शुरू होंगी। डीएमआरसी ने बताया कि यह व्यवस्था मैराथन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और दर्शकों को सुबह जल्दी स्टेडियम पहुंचने में मदद करने के लिए अस्थाई रूप से बनाई गई है।

### निगम और रेलवे प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रहा खतरा

# रेलवे ट्रैक किनारे चल रहा कबाड़ का कार्य, हरियाली उजड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने मार्च माह में रेलवे लाइन के आसपास से बड़ी मात्रा में कचरा उठाने का दावा किया है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करने की बात कही जाती है लेकिन देखा जाए तो दिल्ली में रेलवे ट्रैक के किनारे तेजी से पनप रहे कबाड़ के अड्डों ने न केवल स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पर्यावरण और मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया है।

बता दें कि पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट नगर इलाके के साथ से गुजर रही रेलवे ट्रैक के पास बड़ी मात्रा में कबाड़ लाकर छंटाई की जा रही है, जहां अस्थायी रूप से रह रहे लोग खुले में कचरे के बीच जीवन यापन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कबाड़ी यहां अलग-अलग जगहों से कबाड़ लाकर इकट्ठा करते हैं और फिर उसे छांटते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान प्लास्टिक, धातु और अन्य अपशिष्ट खुले में बिखरे रहते हैं, जिससे आसपास का पूरा इलाका गंदगी और दुर्गंध से भर जाता है। इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

### नगर निगम और रेलवे प्रशासन को देना चाहिए ध्यान

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके में आने वाले नागरिकों ने दिल्ली नगर निगम और रेलवे प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सवाल उठता है कि आखिर कब तक इस तरह की अव्यवस्था को नजरअंदाज किया जाएगा? जनहित में आवश्यक है कि संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करते हुए यहां से अवैध कबाड़ गतिविधियों को हटाए, सफाई अभियान चलाए और हरियाली को पुनर्स्थापित करने के लिए ठोस कदम उठाए। वरना यह समस्या आने वाले समय में और विकराल रूप ले सकती है।

### हरे-भरे पेड़ अब ठूंठ में हो चुके है तब्दील

**नई दिल्ली।** स्थानीय लोगों ने बताया कि सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इन गतिविधियों के चलते कभी हरे-भरे रहे पेड़ अब ठूंठ में तब्दील हो चुके हैं। हरियाली का नुकसान साफ तौर पर देखा जा सकता है, जिससे इलाके का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले समय में यह क्षेत्र पूरी तरह बंजर हो सकता है। वहीं, रेलवे ट्रैक के बेहद नजदीक लोगों की मौजूदगी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही है। ट्रेनों की आवाजाही के बीच इस तरह की गतिविधियां सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी हैं।

## चिकित्सकों ने व्यक्ति की भोजन नली में फंसा नकली दांत निकाला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सर गंगा राम अस्पताल के चिकित्सकों ने लेजर कटर की मदद से एक उन्नत एंडोस्कोपिक प्रक्रिया का उपयोग करते हुए एक व्यक्ति की भोजन नली में गहराई तक फंसे हुए नकली दांत को सफलतापूर्वक निकाल दिया है, जिससे मरीज को एक बड़ी सर्जरी से बचने में मदद मिली है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया। चिकित्सकों ने बताया कि मरीज जब अस्पताल लाया गया था तब उसे सांस लेने में तकलीफ, गले में दर्द और निगलने में कठिनाई की समस्या थी। उन्होंने बताया कि उसने गलती से अपना नकली दांत निगल लिया था जो खाने की नली और श्वसन नली के मिलने की जगह के ठीक नीचे ऊपरी 'इसोफैगस' (ग्रासनली) में फंस गया था। उन्होंने बताया कि उसे सीने में भी काफी तकलीफ हो रही थी।

इमेजिंग अध्ययनों से पुष्टि हुई कि नकली दांत भोजन नली के एक नाजुक बिंदु पर मजबूती से फंसा हुआ था, जहां इससे ग्रासनली की परत के फटने का उच्च जोखिम था। इस मामले को बेहद चुनौतीपूर्ण बताते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड पैनक्रियाटिकबिलियरी साइंसेज (आईएलजीपीएस) के अध्यक्ष अनिल अरोरा ने कहा कि इस मामले में पारंपरिक निष्कासन विधियों से चोट लगने का काफी जोखिम था। अस्पताल के एक चिकित्सक ने बताया कि सटीक एंडोस्कोपिक मार्गदर्शन के तहत चिकित्सकों ने लेजर बीम का उपयोग करके ग्रासनली के अंदर फंसे हुए नकली दांत को छोटे-छोटे टुकड़ों में सावधानीपूर्वक तोड़ दिया ताकि उसे ग्रासनली के अंदरूनी भाग से अलग किया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके बाद ऊपरी ग्रासनली में एक सुरक्षात्मक ट्यूब डाली गई ताकि आसपास के ऊतकों को टूटे हुए दांत के नुकीले किनारों से बचाया जा सके और प्रत्येक टुकड़े को सुरक्षित रूप से निकाला जा सके।

खबर संक्षेप

## दिल्ली में होगा रन फॉर अंबेडकर मैराथनः बागड़ी



**फरीदाबाद।** दिल्ली व सोनीपत में आयोजित होने वाली रन फॉर अम्बेडक़र मैराथन एवं अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर आज फरीदाबाद के एनआईटी वाल्मीकि मंदिर में जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष मनोज बागड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की। आगामी 12 अप्रैल को दिल्ली में रन फॉर अंबेडकर मैराथन व 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ.बी आर अंबेडकर की जयंती सोनीपत में आयोजित की जाएगी। इस मैराथन को कामयाब बनाने के लिए पूरे हरियाणा में दौरा कर रहे है ।

## स्वर्णकार नेतृत्व संगम का आयोजन



**फरीदाबाद।** स्वर्णकार समाज फरीदाबाद द्वारा स्वर्णकार नेतृत्व संगम का आयोजन सैन्ट्रल पार्क, सैक्टर-12 में पूर्व सहायक एडवाकेट जनरल एवं एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट विकास वर्मा तथा स्वर्णकार प्रधान एवं सर्राफा प्रधान समाज सैक्टर-105 सचिन वर्मा द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद झारखण्ड प्रदीप वर्मा, लोकजन शक्ति पार्टी खगड़िया बिहार के सांसद राजेश वर्मा, उत्तर प्रदेश अपना दल एस के सोहरतगढ़ सेविधायक विनय वर्मा, सुनील सोनी विधायक रायपुर दक्षिण पूर्व सांसद भाजपा छत्तीसगढ़, मोहन वर्मा विधायक हाटा कुशीनगर उत्तर प्रदेश, भाजपा श्रीमती सविता कपूर विधायक देहरादून कैंट, भाजपा जीवन कुमार एमएलसी बिहार, कैलाश सोनी पूर्व सांसद राज्यसभा मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ आदि।


# श्री संकट मोचन हनुमान मंडल कैली धाम में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

### भक्ति में डूबा पूरा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्री संकट मोचन हनुमान मंडल, कैली धाम में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप में मनाया गया। गत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी कार्यक्रम की भव्यता और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था तथा सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध उद्योगपति प्रेम प्रकाश गुप्ता ने प्रातःकालीन पूजा-अर्चना एवं अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन से हुई।

ध्वज यात्रा का शुभारंभ मंडल संरक्षक प्रसिद्ध उद्योगपति वी.एस. चौधरी, उद्योगपति अरुण बजाज द्वारा जोत प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उद्योगपति अरुण बजाज ने कहा कि कलयुग में भगवान हनुमान सच्चे रक्षक हैं और उनके आशीर्वाद से सभी कष्ट दूर होते हैं। ध्वज यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया। मंदिर में दर्शन करने हेतु फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा, हरियाणा मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, भाजपा नेता अमन गोयल एवं उद्योगपति एच.के. बत्रा, अरुण सर्राफ, कैलाश शर्मा विशेष रूप से पहुंचे। सभी अतिथियों ने हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता को मजबूत करते हैं,वहीं अजय गौड़ ने मंडल के प्रयासों की सराहना की।
इस आयोजन की रूपरेखा प्रसिद्ध उद्योगपति मंडल के संरक्षक वीएस चौधरी, अरुण बजाज, गौतम चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुई थी। इस दौरान प्रधान ललित गर्ग, सचिव मुकेश वर्मा, उपप्रधान योगेश तिवारी, कोषाध्यक्ष मदन गोपाल बंसल, प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्याम सेवा परिवार सेक्टर-3 के प्रधान समाजसेवी कैलाश शर्मा, महासचिव राकेश माहेश्वरी अपनी टीम के साथ बाबा के दर्शन करने पहुंचकर शहर वासियों की खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निर्वतमान प्रधान पारसमल, कोऑर्डिनेशन कमेटी में पवन वशिष्ठ, गौतम चौधरी, पवन कुमार गुप्ता एवं विनोद गर्ग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निशान वितरण की जिम्मेदारी संजीव चौमाल एवं अशोक रावत, दीपक राठौड़ की टीम ने संभाली, जबकि जोत व्यवस्था में सांवर मल अग्रवाल, अनुज एवं शंभूनाथ पांडे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें जयपुर के मनोज पारीक, फरीदाबाद के योगेश तिवारी, पलवल की इशिता शर्मा तथा फरीदाबाद के सूरज शर्मा एवं मनीषा सैनी ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### विकसित फरीदाबाद धन्यवाद रैली को ऐतिहासिक बनाने की व्यापक तैयारियां पूर्ण

# मुख्यमंत्री सैनी के स्वागत को उत्साहित फरीदाबाद मंत्री गोयल ने लिया तैयारियों का जायजा

*कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल बोले तेजी से बदल रहा फरीदाबाद, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करेगी जनता*



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कल प्रस्तावित विकसित फरीदाबाद धन्यवाद रैली से पूर्व शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने एचएसवीपी ग्राउंड सेक्टर-12 स्थित रैली स्थल का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था यातायात प्रबंधन मंच निर्माण बैठने की व्यवस्था पेयजल स्वच्छता और पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया ताकि मुख्यमंत्री सैनी के आगमन पर हर व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके और कार्यक्रम पूरी भव्यता गरिमा और अनुशासन के साथ सफल बनाया जा सके। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आज फरीदाबाद तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और एक आधुनिक व्यवस्थित और सुविधायुक्त शहर के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले समय में शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यापक सुधार हुआ है सड़कों का विस्तार हुआ है कनेक्टिविटी बेहतर हुई है स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है और पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि यह सब संभव हो पाया है क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद को एक मजबूत और दूरदर्शी बजट प्रदान किया जिससे विकास कार्यों को गति मिली और शहर को नई पहचान मिली। उन्होंने आगे कहा कि फरीदाबाद के नागरिकों में अपार उत्साह है और हर वर्ग के लोग मुख्यमंत्री के स्वागत और अभिनंदन के लिए उत्सुक हैं। विकसित फरीदाबाद धन्यवाद रैली के माध्यम से फरीदाबाद की जनता मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार और विश्वास प्रकट करेगी। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यह रैली केवल एक आयोजन नहीं बल्कि फरीदाबाद में हुए विकास कार्यों जनता के विश्वास और सरकार के प्रति बढ़ते स्नेह का प्रतीक है। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि फरीदाबाद की जनता विकास के साथ खड़ी है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आगे बढने के लिए प्रतिबद्ध है। यह धन्यवाद रैली फरीदाबाद के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी जो विकास की गति को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। रैली की कामयाबी को लेकर मंत्री विपुल गोयल के सभी समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक रखी है। बारिश का मौसम देखते हुए सैक्टर-12 में वॉटर प्रूफ टेंट लगाया गया है। बैठने के लिए अलग-अलग सैक्टर बनाए गए है ताकि लोगों को कोई परेशानी पेश न आए।

### उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना

## पांच अप्रैल को गाजियाबाद आएंगे दोनों उपमुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

आगामी पांच अप्रैल को प्रदेश के दो उप मुख्यमंत्री गाजियाबाद आएंगे। दोनों महर्षि कश्यप महाकुंभ बतौर अतिथि शामिल होंगे।

प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर 5 अप्रैल को शहर के घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में भव्य महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस महाकुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्वागत अध्यक्ष की भूमिका स्वयं मंत्री नरेंद्र कश्यप निभाएंगे। प्रदेश और एनसीआर से जुटेगा समाज आयोजन में दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन भागीदारी करेंगे। एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का एक बड़ा मंच बन चुका है, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। महर्षि कश्यप के विचारों पर चलने का संकल्प महाकुंभ के दौरान महर्षि कश्यप के जीवन, उनके आदर्शों और प्रेरक प्रसंगों पर चर्चा की जाएगी।

# गांधी बुनकर मेला 2026 नेशनल हैंडलूम एक्सपो सात अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



भारत की हस्तनिर्मित विरासत और पारंपरिक कौशल को केंद्र में रखते हुए, असम एपेक्स वीवर्स एंड आर्टिसन्स को- ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड गांधी बुनकर मेला - नेशनल हैंडलूम एक्सपो 2026 का आयोजन करेगा। आयोजन 25 मार्च से शुरू हो गया है, जो 7 अप्रैल तक हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में चल रहा है। इस 14 दिवसीय एक्सपो का आयोजन देशभर से आए कारीगरों, बुनकरों और शिल्प समुदायों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहाँ भारत की विविध शिल्प परंपराएँ, सांस्कृतिक पहचान और पीढ़ियों से संचित कौशल एक साथ प्रदर्शित हो रहा है।

राजधानी के केंद्र में स्थित हैंडलूम हाट इस दौरान पारंपरिक शिल्प कौशल की जीवंत तस्वीर पेश कर रहा है। जहाँ भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत एक ही छत के नीचे देखने को मिल रही है।

एक्सपो में हस्तशिल्प, हथकरघा वस्त्र, जूट उत्पाद, सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित गृह सज्जा, उपयोगी उपहार और पारंपरिक परिधानों का व्यापक प्रदर्शन किया जा रहा है, जो देश के अलग-अलग क्षेत्रों की शिल्प पहचान को दर्शा रहा है।

### आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सेंट्रो कार बरामद

## दूसरे धर्म की लड़की से शादी करने वाले प्रोफेसर की गला घोंटकर हत्या करने वाले दो गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिले में दूसरे धर्म की लड़की से शादी करने वाले प्रोफेसर की गला घोंटकर हत्या के मामले में थाना टीला मोड़ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त सेन्ट्रो कार बरामद हुई है। 41 मार्च को थाना टीलामोड पर अमित कुमार निवासी गीतांजली विहार थाना लोनी गाजियाबाद ने लिखित तहरीर दी और बताया कि हम जाति से जाटव है। जयन्त ने मुस्कान निवासी ग्राम पूरनपुर नवादा थाना चांदीनगर जिला बागपत के साथ अपनी पसन्द से शादी की थी । मुस्कान अपने मायके चली गई थी। 30 मार्च को मुस्कान के पिता महरूदीन व चाचा आसिफ अली ने हमारे पास फोन करके बातचीत करने के बहाने हम लोगों को बन्थला बंद फाटक पर बुलाया और एक दूसरी गाड़ी आयी जिसमें से 4 अज्ञात व्यक्ति उतरे उन 4 व्यक्तियों व महरूदीन तथा आसिफ अली ने मेरे भाई को पकड़ लिया कहने लगे कि इसका आज खेल खत्म कर देते है।

परिवहन को बढ़ावा मिलेगा

# आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर शुरु हुआ ईवी चार्जिंग स्टेशन, 10 वाहन एक साथ हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



एनसीआरटीसी ने दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आनंद विहार स्टेशन पर कॉरिडोर का अब तक का सबसे बड़ा फास्ट इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर उसकी सेवाएँ आरंभ कर दी हैं। यह नव-स्थापित ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन इलेक्ट्रिक वाहन धारकों को अत्याधुनिक फास्ट चार्जिंग सुविधा प्रदान करेगा, जो उनकी यात्रा को और भी सुगम बनाएगा। एनसीआरटीसी का यह प्रयास स्वच्छ व हरित परिवहन को बढ़ावा देगा तथा एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

इस चार्जिंग स्टेशन पर 480 किलोवाट क्षमता वाली 10 हाई-वोल्टेज चार्जिंग यूनिट्स लगाई गई हैं, जो एक ही समय में 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से चार्ज करने की सुविधा प्रदान करेंगी। यह चार्जिंग यूनिट्स चौपहिया वाहनों को मात्र 30 मिनट में लगभग 80प्रतिशत तक चार्ज करने की क्षमता रखती हैं। यहाँ भारी व्यावसायिक ई-वाहनों के लिए भी चार्जिंग पॉइंट्स उपलब्ध कराए गए हैं। इलेक्ट्रिक वाहन धारक इलेक्ट्रीफाई मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ईवी चार्जिंग की पूरी प्रक्रिया ऐप के माध्यम से संचालित होती है। इसका लाभ उठाने के लिए वाहन धारक को ऐप में पंजीकरण करने के बाद संबंधित नमो भारत स्टेशन पर ईवी चार्जिंग के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करना होगा। स्लॉट बुक करने के बाद ई-वाहन को कुछ ही मिनटों में चार्ज किया जा सकता है। इस ऐप के जरिए उपयोगकर्ता अपने वाहन की चार्जिंग स्थिति की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग कर सकते हैं और डिजिटल माध्यम से आसानी से भुगतान भी कर सकते हैं। आनंद विहार में इस सुविधा के आरंभ होने के साथ ही अब साहिबाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ और मेरठ साउथ सहित कॉरिडोर के कुल 8 स्टेशनों पर ई-वाहन चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इन स्टेशनों पर फास्ट और सामान्य दोनों श्रेणी के चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

ऐसे यात्री, जो नमो भारत स्टेशन तक पहुँचने के लिए अपने निजी इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करते हैं, वे अब स्टेशन पर ही अपने वाहनों को आसानी से चार्ज कर सकते हैं। यह सुविधा न केवल नमो भारत यात्रियों को लाभ पहुंचाएगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए भी लाभकर होगी। अक्सर उचित इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में लोग इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग करने में संकोच करते हैं, ऐसे में चार्जिंग स्टेशनों तक सुलभ पहुँच उन्हें इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## एआई आधारित बांझपन उपचार की शुरुआत

**गुरुग्राम।** नवाचार और भारत के प्रजनन स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अग्रणी गौडियम आईवीएफ ने एआई आधारित बांझपन उपचार की शुरुआत की।

यह एकीकरण आईवीएफ 2.0 के साथ साझेदारी में किया गया है, जो एक यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) आधारित भ्रूण-विज्ञान नवाचार संगठन है। इसकी स्थापना प्रसिद्ध भ्रूण-विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. जैक्स कोहेन और डॉ. एलेजांद्रो चावेज़ द्वारा की गई है।

इस पहल का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने किया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **खुशी लाल,** निवासी 4/5 ए ब्लॉक-एल-1 संगम विहार, दक्षिण दिल्ली 110062 और गियॉ प्राइवेट लिमिटेड 37 ए प्रताप नगर, मयूर विहार, दिल्ली 110091 ने **सीसी संख्या 5389/2019 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **खुशी लाल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **खुशी लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **खुशी लाल, सीसी संख्या 5389/2019 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना मोती नगर, दिल्ली** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री पूनम सिंह**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई अधिनियम)-04
पश्चिमी जिला, कमरा संख्या 04
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/3682/WD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू दुबे उर्फ राजीव पुत्र** राज किशोर दुबे, **निवासी** गली माता वाली, नजदीक झारोदा चौकी, झारोदा, बुराड़ी, दिल्ली, ने **FIR No. 687/2017, U/S 186/343/332/34/506 IPC, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 687/2017, U/S 186/343/332/34/506 IPC, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजू दुबे उर्फ राजीव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री पायल सिंघल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–09,**
**सैंट्रल जिला, कमरा नं0–286,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4322/N/2026**
**(Court Matter)**


शॉर्ट सर्किट से आग लगी, दमकल कर्मियों को निकाला

# उद्योग विहार की फैक्ट्री में लगी आग, पांच लोगों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

उद्योग विहार फेज-1 में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने के कारण पांच श्रमिक अंदर ही फंस गए जिन्हें दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। धुएं के कारण यह लोग अंदर फंस गए थे जिन्हें दमकल कर्मियों ने शीशा तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि घटना आज सुबह करीब सवा 11 बजे हुई। उद्योग विहार फेज-1 की एक प्लास्टिक बॉल (खाना बनाने के उपकरणों में प्रयोग होने वाली) बनाने वाली कंपनी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। यह आग बेसमेंट से लगनी शुरू हुई। इससे पूरे में धुआं फैल गया। इस आग के कारण बेसमेंट में व ग्राउंड फ्लोर पर पांच श्रमिक फंस गए जिनका धुएं से बुराहाल होने लगा। बताया जा रहा है कि इस फैक्ट्री में करीब 50 श्रमिक काम करते हैं ।

## बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में आग लगी, मची अफरा तफरी

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन क्लासिक सोसाइटी में एक फ्लैट में आग लगने के बाद हड़कम्प मच गया। बाद में सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई की राजनगर एक्सटेंशन क्लासिक सोसाइटी में फ्लैट में आग लगी है । सूचना प्राप्त होते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी महोदय व कोतवाली से 02 फायर टेंडर व एक वाटर ब्राउज़र घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। वहां पहुंच कर देखा कि आग क्लासिक सोसाइटी केडीएम 4 फ्लैट नंबर 201 सेकंड फ्लोर के किचन व बेडरूम में आग लगी थी। मौके पर हौज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग को बुझाना शुरू किया गया। फायर यूनिट के द्वारा आग से आस पास की फ़्लैट को बचाया गया कुछ ही समय के अंतराल के बाद आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।



**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प, शाखा, अम्बाला कैंट के तहत मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा 3 अदद सड़कों की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 32, 218 और 219) (बकाया कार्य)। | 30.03.2026 09.04.2026 | 198.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | यमुनानगर में लोनिवि विश्राम गृह के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव। | 06.04.2026 13.04.2026 | 5.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 235070 जेएलएन फीडर पर लोहारू फीडर हैड और बाकरा माइनर हैड की मरम्मत और पेंटिंग। | 02.04.2026 08.04.2026 | 2.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | केसीबी ड्रेन के आरडी 38500 पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 14.04.2026 | 228.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | भिवानी सब ब्रांच आरडी 54950, 65200 की पैरापेट की मरम्मत और भैंसी माइनर आरडी 2500, 5700, 13000,16000, 22000, 136228 और 134758 महम माइनर के पैरापेट की मरम्मत + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.04.2026 | 9.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | बुप्प :– आकार 51.22×51.22×3.66 मी. के 1 अदद स्टोरेज सैडीमेंटेशन टैंक का निर्माण, आकार 5.49×3.66×1.83 मी. के 1 अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक का निर्माण, आकार 7.93×5.49 मी. के 1 अदद आरसीसी फिल्टर बैड, पम्पिंग मशीनरी का निर्माण, 150 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाना और टैप कनेक्शन की बहाली तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 02.04.2026 13.04.2026 | 84.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 7 | महिला एवं बाल विकास चरखी दादरी | खाद्य मदों और अन्य मदों के परिवहन हेतु निविदा सूचना के सम्बन्ध में। | 01.04.2026 09.04.2026 | 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7015347247 dpowcddadri@gmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3सीएस क्षमता) 2. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5सीएस क्षमता), 3. डीजल इंजन पम्पिंग सैट्स (2सीएस क्षमता)। | 04.04.2026 20.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | हरियाणा रोडवेज के डिपुओं में आवश्यक 5.00 करोड़ (लगभग) मैनुअल बस टिकटों के मुद्रण हेतु दो वर्षीय दर अनुबंध के लिए निविदा सूचना। | 08.04.2026 07.05.2026 | 30 लाख | https://hartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/180/44416/I/88/7 दि. 03.04.26

## खबर संक्षेप

### पलामू में जमीन कारोबारी का कत्ल



**पलामू।** झारखंड के पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित पालिका बाजार के बरामदे में एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात में तीन अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया। मृतक की पहचान मेदिनीनगर के कांजी हाउस मोहल्ला निवासी 36 साल के समीर खलीफा उर्फ गुड्डु के रूप में हुई है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैली हुई है।

### बिहार में सीएम के नाम की पर्ची निकलेगी



**पटना।** नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद बिहार में नए सीएम पर अटकलबाजी के बीच जेडीयू के नेता एवं सांसद आनंद मोहन ने भाजपा को चेतावनी दे दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा में तो मुख्यमंत्री के नाम की पर्ची निकलती है। इसका इंतजार करना होगा। कहा कि अगर नीतीश पर दबाव डालकर राज्यसभा भेजा जा रहा है, तो भाजपा को भविष्य में बड़ा नुकसान होगा।

### गैस किल्लत के बीच फिर आया नया अपडेट



**बरेली।** एलपीजी की किल्लत के बीच उपभोक्ताओं को सिलिंडर उपलब्ध कराने के लिए पेट्रोलियम कंपनियों ने नई व्यवस्था लागू की है। पहले आओ पहले पाओ के तहत पहले पूर्व में बुक सिलिंडर डिलीवर होने पर ही नई बुकिंग पर आपूर्ति की जाएगी। गैस एजेंसियों को पूर्व की बुकिंग के सापेक्ष तिथिवार किए गए वितरण की सूची काउंटर पर चस्पा करनी होगी।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

# दरभंगा में ज्वेलर्स दुकान में हथियार के दम पर दिनदहाड़े मिनटों में 2 करोड़ रुपये की लूट

एजेंसी ▶▶ दरभंगा

बिहार के दरभंगा में दिनदहाड़े अपराधियों ने एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया। चार की संख्या में आए अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार स्थित 'प्रेम ज्वैल्स' की है, जहां मनोज कुमार शाह की दुकान में घुसकर बदमाशों ने हथियार के बल पर लूटपाट की। चार की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने दुकान में घुसते ही हथियार



लहराते हुए दुकानदार और कर्मचारियों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद बदमाशों ने दुकान में रखे सोना-चांदी के जेवरात समेट लिए। प्रेम ज्वैल्स के संचालक ने बताया है कि करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण लूटकर सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि लूटपाट के दौरान उनकी ओर से कोई विरोध नहीं किया गया, इसके बावजूद अपराधियों की ओर से गालियां दीं।

प्रारंभिक आकलन के अनुसार, अपराधियों ने करीब 1.5 से 2 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 22 से 25 लाख रुपये नकद लूट लिए हैं। दुकानदान ने बताया कि वे होलसेल का काम करते हैं और छोटे व्यापारियों को जेवर सप्लाई करते हैं, जिस कारण दुकान में भारी मात्रा में स्टॉक मौजूद था।

### टनकपुर, पीलीभीत, बरेली, कासगंज होते हुए मथुरा और अछनेरा तक जाएगी

# यात्रियों का इंतजार खत्म, मथुरा से टनकपुर का सफर हुआ आसान, हर रोज दौड़ेगी स्पेशल ट्रेन

टनकपुर-मथुरा-अछनेरा स्पेशल ट्रेन अब सप्ताह के सातों दिन चलेगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे के इस फैसले से टिकट की दिक्कत कम होगी और कई शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच रेल सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने सौगात दी है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए टनकपुर-मथुरा-अछनेरा रूट पर संचालित स्पेशल ट्रेन को अब रोजाना चलाने का निर्णय लिया गया है।

इस मंजूरी के बाद अब यात्रियों को कंफर्म टिकट के लिए सप्ताह के विशेष दिनों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब तक टनकपुर-मथुरा-अछनेरा स्पेशल ट्रेन सप्ताह में



केवल पांच दिन चलती थी, जिससे यात्रियों को टिकट के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था। सीमित फेरों के कारण अक्सर लंबी वेटिंग लिस्ट बन जाती थी। रेलवे के इस नए निर्णय के बाद अब यह ट्रेन सप्ताह के सातों दिन संचालित होगी। यह ट्रेन टनकपुर, पीलीभीत, बरेली, कासगंज होते हुए मथुरा और अछनेरा तक जाएगी, जिससे कई महत्वपूर्ण शहरों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

### सीएम आवास पर पुलिस विभाग व संबंधित इकाइयों की कार्ययोजना की समीक्षा

# योगी सरकार ने किया बड़ा ऐलान, इस साल 81 हजार विभिन्न पदों पर होगी पुलिस भर्ती

भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और आरक्षण का पालन अनिवार्य | पीआरवी रिस्पांस टाइम कम करने, अग्निशमन सेवा सुधार के निर्देश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस वर्ष पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। ये भर्तियां उपनिरीक्षक, आरक्षी नागरिक पुलिस, रेडियो सहायक परिचालक, कंप्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए तथा पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) सहित विभिन्न श्रेणियों में की जाएंगी। उन्होंने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को निर्देश दिए कि सभी सीधी भर्तियां पारदर्शिता और निर्धारित आरक्षण प्रविधानों के अनुसार कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार देर शाम अपने आवास पर पुलिस विभाग और उससे संबंधित विभिन्न इकाइयों की कार्ययोजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने पीआरवी की रणनीतिक लोकेशन तय करने तथा इनके सतत मूवमेंट को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वर्तमान में 6 मिनट के औसत रिस्पांस टाइम को कम करने तकनीक, डाटा आधारित पेट्रोलिंग व फील्ड समन्वय को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन भवन, मुख्यमंत्री आवास और पुलिस मुख्यालय सहित महत्वपूर्ण स्थलों पर लंबे समय से तैनात पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के निर्देश भी दिए। कहा कि अग्निशमन व आपात सेवा को और बेहतर बनाया जाए। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 42 हजार अग्निकांडों पर नियंत्रण किया गया। 10 हजार से अधिक आपात घटनाओं में कार्रवाई कर लगभग 800 करोड़ रुपए की संपत्ति बचाई गई है।



### जिलों में एक हाइड्रोलिक फायर टेंडर अनिवार्य

*मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में कम से कम एक हाइड्रोलिक फायर टेंडर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने 'एक तहसील-एक फायर टेंडर' के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस रेडियो विभाग की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि 63 जिलों में डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। नागरिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों में इकाइयों का गठन कर दिया है। इनमें 7500 स्वयंसेवकों की भर्ती की गई है। राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि 'आपरेशन मुस्कान' के तहत 2325 बच्चों को उनके परिवार से मिलाया गया।*

### साइबर अपराध की 2,40,015 शिकायतें दर्ज

साइबर क्राइम मुख्यालय की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में साइबर अपराध से संबंधित 425.7 करोड़ की धनराशि सुरक्षित कराई गई। पिछले वित्तीय वर्ष में साइबर अपराध से संबंधित कुल 2,40,015 शिकायतें दर्ज की गईं तथा 7287 मामलों में कार्रवाई की गई। साइबर हेल्पलाइन 1930 में औसतन 1709 काल प्रतिदिन से बढ़कर लगभग 7467 काल प्रतिदिन तक पहुंच गई है।

### सतर्कता अधिष्ठान में लंबित हैं 414 मामले

सतर्कता अधिष्ठान की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि पहली अप्रैल तक 414 मामलों की जांच लंबित हैं। इनमें से वर्ष 2025 तक की 340 जांचों के निस्तारण का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालयों में पेशी की प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### अखिलेश यादव का नया दांव

# उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी जाएगी गांव-गांव

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा 2027 और पंचायत चुनाव 2026 को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नया दांव खेला है। अभी तक मायावती की पार्टी बसपा अंबेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करती थी पर अब समाजवादी पार्टी ने नया दांव खेला है। पीडीए के साथ ही कॉडर वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने भी अंबेडकर जयंती को भव्यता से मनाने का प्लान बनाया है। इस बार समाजवादी पार्टी गांव-गांव जाकर अंबेडकर की जयंती मनाएगी। माना जा रहा है कि विधानसभा और पंचायत चुनाव से पहले इस प्लान के तहत समाजवादी पार्टी बसपा के दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है।



#### संविधान पर चर्चा हम गांव स्तर पर करेंगे

शुक्रवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय पर पार्टी के अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी अंबेडकर जयंती गांव-गांव मनाएगी। गांव स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिस तरीके का संकट संविधान पर है उसकी चर्चा हम लोग गांव स्तर पर करेंगे। अखिलेश यादव कहा कि यहां संतों को अपमानित किया जा रहा है।

#### अखिलेश का भाजपा पर महंगाई को लेकर भी हमला

उन्होंने भाजपा पर भी हमला बोला। कहा कि भाजपा सौदागर के तरीके से कम कर रही है हर चीज को बेच रही है। उनका लक्ष्य केवल मुनाफा कमाने का है , जो महंगाई हमको देखने को मिल रही है उनके भ्रष्टाचार की वजह से है। मुनाफे की वजह से बड़े पैमाने पर महंगाई बढ़ती चली जा रही है।जहां बेरोजगारी है और पढ़े-लिखे नौजवानों को बड़े-बड़े सपने दिखाए जा रहे हैं।

#### 2027 में सरकार बनाने का किया दावा

सरकार को बताना चाहिए कि कितना निवेश हुआ और कितने रोजगार दिए, लेकिन सरकार इसका जवाब नहीं दे रही है। यह संविधान से चलने वाले लोग नहीं है यह मन विधान से चलने वाले लोग हैं।

## पेज एक का शेष

### रक्षा मंत्री ने नौसेना में ...

के साथ निर्माण करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों जैसे अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के विशिष्ट समूह में भी शामिल हो गया है। देश के अंदर पनडुब्बी का निर्माण होने से मेड इन इंडिया अभियान और रक्षा क्षेत्र में सरकार के 100% आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

### पीएम के पास होगा ...

विध्वंसक हथियारों के इस्तेमाल के मामले में पहले इस्तेमाल न करने के सिद्धांत (न्यूक्लियर डॉक्टरीन) का पालन करता है। लेकिन दुश्मन की तरफ से ऐसा कोई हमला होने की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करने से भी कोई परहेज नहीं किया जाएगा।

### इस जहाज का...

का एफ-15 मैक 2.5 (2,800 किमी/घंटा) की अधिकतम गति से उड़ सकता है और 13,000 किलोग्राम से अधिक हथियार अपने साथ ले जा सकता है। इसे अमेरिका की मेकडोनल डगलस कंपनी ने बनाया है। अमेरीकी एयरफोर्स काफी समय से इस विमान का इस्तेमाल करती रही है। दुनिया का सबसे एडवांस और महंगा फाइटर जेट है। जिसकी कीमत 100 मिलियन (करीब 840 करोड़ रुपए) है।

### ट्रंप ने अपनी ही ...

जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्कॉल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है। सबसे पहले होमलैंड सिक्योरिटी चीफ क्रिस्टी नोएम को बेदखल किए जाने से इसकी शुरुआत हुई। उन्हें किस वजह से हटाया गया इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं बताई गई है। कुछ समय से उनकी काम करने की शैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जिम्मेदारी होती है कि देश को अंदर और बाहर से आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जाए।

### वैश्विक बाजार में...

मुलाकात को लेकर बताया कि हमने उर्वरक, व्यापार, संपर्क और जन संबंधों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग पर चर्चा की गई। पिछले साल राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के निष्कर्षों को लागू करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे प्रयासों का स्वागत किया गया।

**रूस, भारत को बढ़ाएगा तेल सप्लाई :** वहीं, रूस के एक बयान के मुताबिक, प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव की नई दिल्ली में हुई तमाम वार्ताओं में ऊर्जा सहयोग के मामले को प्रमुखता के साथ शामिल किया गया। जिसमें दोनों देशों के बीच तेल और गैस के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना मुख्य है। मंटुरोव ने स्वयं भी इस बात की पुष्टि की है कि रूस की कंपनियों के पास तेजी से अपनी तेल और एलएनजी की सप्लाई भारतीय बाजार के लिए बढ़ाने की क्षमता मौजूद है। उनका यह बयान पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर लगातार पड़ रहे दबाव के बीच आया है। जिसमें खासतौर पर होर्मुज के गलियारे से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है। साथ ही वैश्विक कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 2025 के अंत तक रूस, भारत को उर्वरकों की बढ़ी हुई 40% सप्लाई कर रहा है। रूस लगातार भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।

**2030 तक 100 बिलियन डॉलर का होगा व्यापार:** भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपनी वार्ता में व्यापार, उद्योग, ऊर्जा, उर्वरकों, कनेक्टिविटी और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ़ बनाने जैसे विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा तकनीक, नवाचार, जटिल खनिजों के मामले पर भी विचार-विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि भारत और रूस वर्ष 2030 तक अपने वार्षिक व्यापार को बढ़ाकर 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं।

### ईरान के मिसाइल ...

को नाकाम कर दिया था। लेकिन उसका जलता हुआ अत्यधिक वजनदार मलबा रिहायशी और औद्योगिक इलाके में जा गिरा। जिसके साथ ही वहां भीषण आग लग गई और लोगों में चीख-पुकार मच गई। आग इतना भयंकर थी कि देखते ही देखते इलाके का आसमान धुएं के गुबार से ढक गया और इसकी चपेट में आकर 5 भारतीय और 7 नेपाली लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। यहां बता दें कि पिछले मार्च महीने के अंत में भी अबू धाबी में हुए हमले में मिसाइल के मलबे की चपेट में आकर एक भारतीय की मौत हो गई थी। अब 5 अन्य लोगों के घायल होने की यह जानकारी आई है।

**अफवाहों से बचने की अपील की गई:** हमले के बाद से इलाके की सुरक्षा को प्रशासन ने और अधिक चाक-चौबंद कर दिया है। इसके अलावा जनता से यह अपील की गई है कि वो युद्ध या ऐसे हमले के संबंध में किसी भी अफवाह पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। केवल अधिकृत जानकारी पर ही विश्वास करें। यूएई मीडिया के मुताबिक, उन्हें इस हमले का पहले से अंदेशा था। जिसे देखते हुए 2 अप्रैल तड़के से ही कई सुरक्षा चेतावनियां जारी की जा रही थी। जिनमें दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइल और ड्रोन हमलों को लेकर इलाके में लगातार सायरन की आवाज गूंज रही थी। यह सब कुछ एक प्रकार से विरोधी पक्ष से आने वाले इन तमाम हथियारों को नष्ट करने से जुड़ी हुई कवायद का हिस्सा था।

**पश्चिम-एशिया क्षेत्र में भारत के 1 करोड़ लोग :** बताते चलें कि पश्चिम-एशिया क्षेत्र में भारत के कुल करीब 1 करोड़ लोग रहते हैं। जिनकी सुरक्षा और कल्याण को केंद्र सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता के रूप में घोषित किया है। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर युद्ध के बीच अब तक क्षेत्र से कुल 6 लाख से अधिक लोग सुरक्षित देश वापस लौट चुके हैं। आगामी वक्त में यह संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर पश्चिम-एशिया, खाड़ी क्षेत्र सहित दुनियाभर के नेताओं के साथ चल रहे अपने बातचीत के क्रम में भी देश के लोगों की सुरक्षा और कल्याण के मामले को शीर्ष प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके अलावा उनका यह भी कहना है कि तनाव को कम करने के लिए सभी पक्षों को जल्द ही बातचीत और कूटनीति के मार्ग पर लौटना चाहिए। होर्मुज जलडमरूमध्य से नौवहन स्वतंत्रता और मालवाहक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को हर हाल में बनाए रखने पर भी भारत ने जोर दिया है।

### कनाडा में भारत...

मिलेगा। यह जानकारी टोरंटो में भारतीय मिशन ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दी है।

**जैन सोसाइटी में की प्रार्थना:** सिंघवी ने एक्स पोस्ट में लिखा, टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूत के रूप में अपना दायित्व संभालने के बाद मैं, जैन सोसाइटी ऑफ टोरंटो गया और वहां प्रार्थना की। साथ ही मैंने अहिंसा, शांति, एकता और सद्भाव जैसे शाश्वत मूल्यों पर भी चिंतन किया।

**50 बिलियन डॉलर तक पहुंचेगा व्यापार :** यहां बता दें कि देश के वरिष्ठ राजनयिक सिंघवी ने एक ऐसे समय में कनाडा में अपना कार्यभार संभाला है। जब लगभग एक महीने पहले दोनों देशों ने अपने एक नए फ्रेमवर्क को अंतिम रूप दिया है। जिसमें वार्षिक व्यापार को अगले पांच वर्षों में 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। इस फ्रेमवर्क को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की बीते समय में की गई भारत यात्रा के दौरान मंजूरी प्रदान की गई थी। महावीर सिंघवी को कनाडा में मौजूद सभी भागीदारों, वृहद भारतीय समुदाय के साथ बेहद निकटता से काम करेंगे। जिससे विश्वास बहाली के अलावा साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा और साझा मूल्यों तथा अवसरों की बुनियाद पर टिकी हुई लगातार आगे बढ़ने वाली भागीदारी भी रफ्तार पकड़ेगी। बतौर राजदूत सिंघवी को दो दशक से अधिक तक विदेश सेवा में काम करने का लंबा अनुभव रहा है। जिसमें उन्होंने कई अहम पदों पर अपने दायित्वों का निर्वाह किया है।

**निज्जर की हत्या के बाद बिगड़े संबंध :** वर्ष 2023 में खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में की गई हत्या के बाद से दोनों देशों के संबंधों में काफी गिरावट देखने को मिली थी। उस वक्त कनाडा में जस्टिन ट्रूडो प्रधानमंत्री थे और उन्होंने अपने एक बयान में इस मामले में भारत के शीर्ष नेतृत्व की संलिप्तता का झूठा और बेबुनियाद आरोप भी लगाया था। जिसे भारत ने बहुत पहले ही सिरे से खारिज कर दिया था। मामले के सामने आने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था। इसके अगले साल 2024 में भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और 5 अन्य राजनयिकों को देश वापस बुला लिया था। इसी के साथ ही समान संख्या में यहां राष्ट्रीय राजधानी से कनाडा के राजनयिकों को बाहर निकाला गया था। बीते वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए की गई कनाडा की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री कार्नी से हुई मुलाकात के बाद दोनों देशों के आपसी संबंधों में सुधार की नए सिरे से उम्मीद जगी थी। जिसके परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं।

### असम की जनता...

वरिष्ठ नेतागण एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। नवीन ने कहा कि असम की जनता ने पहले ही तय कर दिया है कि इस बार 9 अप्रैल को कमल का फूल खिलाना है और फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार बनाना है। इस बार लगने वाली जीत की हैट्रिक केवल एक हैट्रिक नहीं होगी, क्योंकि पिछले छह चुनावों से असम की जनता लगातार भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जनादेश देती आ रही है, चाहे वह लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव, और इस बार भी यही रुझान दिखाई दे रहा है। 10 वर्षों में असम की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की एनडीए सरकार को जो प्रचंड बहुमत दिया है, उसके परिणामस्वरूप राज्य में विकास की अनेक नई योजनाएं लागू हुई हैं और एक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। एक समय ऐसा था जब असम हिंसा और आंदोलनों के लिए जाना जाता था और यहां के लोगों को अपमान का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज असम को उस दौर से बाहर निकालकर विकास, सम्मान और अपनी समृद्ध विरासत के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के शासन में न तो लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल पा रही थीं और न ही 'बेटी और माटी' सुरक्षित थी। कांग्रेस ने घुसपैठियों के लिए रास्ते खोले और असम के लोगों की उपेक्षा और उनका अपमान किया। भाजपा सरकार ने इन परिस्थितियों को बदलने का काम किया है और राज्य को स्थिरता, सुरक्षा और विकास की दिशा में आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यदि नेतृत्व सक्षम हो, नेतृत्व की नियत सही हो और नेतृत्व की नीति सही हो, तो वह नेतृत्व कड़े निर्णय लेता है और देश के हित में निर्णय करता है। भाजपा, असम को उसका हक दिलाने की लड़ाई लड़ेगी। असम के लोगों की जो जमीन घुसपैठियों के माध्यम से उस समय की कांग्रेस सरकार ने दे दी थी, उसे वापस दिलाने का काम यदि किसी ने किया है तो भाजपा एनडीए की सरकार ने किया है और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली सरकार ने किया है। 12 लाख 25 हजार एकड़ भूमि वापस हुई है और मिशन वसुधरा के तहत 23 लाख से अधिक असम के मूल निवासियों को भूमि का मालिकाना हक मिला है। इससे जनजातीय समाज के लोगों को एक सुरक्षा कवच मिला है। हम इसलिए यह बात कह रहे हैं कि कांग्रेस का हाथ घुसपैठियों के साथ था, जबकि असम की जनता का साथ और विश्वास, भाजपा के साथ है। हम यही बात कहने आए हैं कि कमल का फूल केवल भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह या प्रतीक नहीं है, बल्कि यह जनता के विश्वास और आकांक्षाओं का प्रतीक बन चुका है।

### एक ही जगह में खेती...

पदाधिकारियों तथा सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की। दशहरा मैदान, रायसेन में लगने वाले इस विशाल राष्ट्रीय कृषि मेले में नई खेती तकनीकों, उन्नत बीज, ड्रोन व आधुनिक मशीनों, सूक्ष्म सिंचाई, पशुपालन–मत्स्यपालन, प्रसंस्करण, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और ग्रामीण आजीविका के सैकड़ों स्टॉल लगेंगे, जहाँ किसान देखेंगे भी, सीखेंगे भी और तुरंत लाभ लेने के तरीके भी समझेंगे। चौहान ने कहा कि यह सिर्फ मेला नहीं, बल्कि तीन दिनों का ऐसा कृषि महाकुंभ है जो किसानों की तकदीर बदलने का सबसे बड़ा मौका है, जहाँ एक तरफ उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किसानों का उत्साह बढ़ाएँगे, साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, तो दूसरी तरफ 13 अप्रैल को समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में क्षेत्र के लिए समग्र कृषि रोडमैप जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समापन सत्र में रायसेन, विदिशा, सीहोर और आसपास के समान एग्रोक्लाइमेटिक कृषिजलवायु क्षेत्र के लिए विशेष कृषि रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें उत्पादन बढ़ाने से लेकर बाजार तक पहुँच मजबूत करने की स्पष्ट दिशा दी जाएगी और जिसका विमोचन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की गरिमामय उपस्थिति में होगा।

**मेले की मुख्य बातें :** चौहान ने बताया कि लगभग तीन सौ स्टॉलों वाली यह बहुक्षेत्रीय प्रदर्शनी खेती के हर चरण– इनपुट से लेकर प्रसंस्करण और विपणन तक के समाधान एक ही जगह उपलब्ध कराएगी। इसमें कृषि, बागवानी, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि मशीनरी व टेक्नोलॉजी, उर्वरक, कीटनाशक, बीज कंपनियाँ, डिजिटल कृषि, फसल बीमा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, कृषि विज्ञान केंद्र, पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण विकास, खाद्य प्रसंस्करण, माइक्रो–स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ, एफपीओ और स्टार्टअप्स की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

**प्रशिक्षण, डेमो और सुविधाएँ :** शिवराज सिंह ने बताया कि मेले में अलगअलग हॉल में तीनों दिन लगातार सेमिनार और प्रशिक्षण सत्र होंगे, जिनमें फसल कटाई के बाद प्रबंधन, दलहन–तिलहन उत्पादकता वृद्धि, मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट प्रबंधन, बीज प्रणाली, फसल बीमा, एआई आधारित डिजिटल कृषि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाइड्रोपोनिक्स (जलआधारित खेती), प्रिसिजन फार्मिंग (सटीक खेती) और वर्टिकल फार्मिंग (ऊर्ध्वाधर खेती) जैसे विषय शामिल हैं। फील्ड में लाइव डेमो के जरिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सूक्ष्म सिंचाई, फर्टिगेशन (उर्वरक मिश्रित सिंचाई), न्यूट्रीकेयर से संतुलित पोषण, ऑटोमेशनआधारित स्मार्ट फार्मिंग, टिश्यू कल्चर पौध, ड्रोन से छिड़काव, रीपर–बाइंडर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, बेलर, रोटावेटर जैसी आधुनिक मशीनें किसानों को चलाकर दिखाई जाएँगी और उन्हें हाथोंहाथ प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### धार्मिक नगर...

से जोड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन की माटी में विज्ञान, गणित, खगोल और ब्रह्मांड चिंतन सदियों से विद्यमान है। उज्जैन काल गणना का केंद्र रहा है, जहां प्राचीन काल में सूर्य की छाया से समय नापने की कला विकसित हुई। प्राचीन भारतीय भूगोल के अनुसार उज्जैन कर्क रेखा पर स्थित है, इसे पृथ्वी का मध्य बिंदु माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब पश्चिम में खगोल शास्त्र का ज्ञान नहीं था, तब उज्जैन के ज्योतिषी और विद्वान काल गणना कर नक्षत्रों की स्थिति बता रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' के शुभारंभ सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आए विद्वानों और विशेषज्ञों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण और तारा मंडल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के लिए 4 लेन उज्जैन बाइपास और 'सम्राट विक्रमादित्य- द हेरिटेज' परियोजना का भूमि-पूजन किया। इस मौके पर विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी विशेष रूप से मौजूद थे।

### उज्जैन और डोंगला...

रेखा और कर्क रेखा का कटाव या केंद्र बिंदु पहले उज्जैन में था, जो अब उज्जैन से 32 किमी दूर डोंगला में शिफ्ट हो गया है। यहां 21 जून को सूर्य की छाया शून्य हो जाती है। ग्रीनविच के मीन टाइम में रात को 10 बजे तक सूर्य के दर्शन होते हैं। यह केंद्र बिंदु कैसे हो सकता है। आज समय और स्पेस दोनों को एक दूसरे से समेकित रूप से समझने की आवश्यकता है।



# खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style



# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।




# एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तेोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



# धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



# पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंड्स्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

# अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

# इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

**विश्लेषणः वरिष्ठों और युवाओं के समन्वय के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति को भी स्थान**

# भारतीय जनता पार्टी ने जारी की 33 प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची, 41 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट की भी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा संगठन द्वारा लगातार प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। अब भाजपा ने 33 प्रदेश प्रवक्ताओं और 41 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही प्रदेश मीडिया विभाग में 6 सदस्यों और 9 प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की सूची भी जारी की है। खास बात यह है कि इन नियुक्तियों में वरिष्ठों और युवाओं के समन्वय के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं को जगह दी गई है।

इसमें पूर्व मंत्री सहित 10 विधायक, 5 पूर्व विधायक, पुराने अनुभवी प्रवक्ताओं को शामिल करने के साथ ही नए चेहरों को भी जगह दी गई है। आगामी विधानसभा-लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह टीम तैयार की गई है। इसमें हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नजर आता है, वहीं जातिगत समीकरण भी साधे गए हैं। जारी सूची के अनुसार, प्रदेश प्रवक्ता टीम में 6 और प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट में 8 महिलाएं हैं। बता दें कि पार्टी का पक्ष रखने के लिए पहली बार इतनी बड़ी टीम उतारी गई है।

**[ पूर्व मंत्री सहित 10 विधायक, 5 पूर्व विधायक भी शामिल ]**


अर्चना चिटनीस


संतोष बरकडे


संजय शाह


ऊषा ठाकुर

### 9 प्रदेश सहमीडिया प्रभारी भी नियुक्त

भाजपा द्वारा 9 प्रदेश सहमीडिया प्रभारी की सूची भी जारी की गई है। इसमें रायसेन से बृजगोपाल लोया, भोपाल से मिलन भार्गव, पवन दुबे इंदौर से आलोक दुबे, उज्जैन से राकेश पण्डया, ग्वालियर से राजलखन सिंह, बैतूल से विशाल बन्ना, जबलपुर से श्रीकांत साहू और सागर से प्रदीप राजौरिया को शामिल किया गया है।

## विधायक, पूर्व विधायकों के साथ कुछ नए चेहरे

### बुरहानपुर से अर्चना चिटनीस, इंदौर से उषा ठाकुर सहित अन्य को सौंपी जिम्मेदारी

जानकारी के अनुसार, बुरहानपुर से पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनीस, सीधी से विधायक कुंवर सिंह टेकाम, इंदौर से विधायक उषा ठाकुर, बालाघाट से विधायक गौरव पारधी, जबलपुर से विधायक नीरज सिंह लोधी, विधायक संतोष बरकडे, कटनी से विधायक संदीप जायसवाल, हरदा से पूर्व विधायक संजय शाह, खंडवा से विधायक छाया मोरे, बैतूल से विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नीमच से विधायक दिलीप परिहार, झाबुआ से पूर्व विधायक कलसिंह भाबर, मंदसौर से पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, अनूपपुर से रामलाल रौतेल, दतिया से पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, उज्जैन से बक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल और पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, रूप पमनानी, विवेक गुप्ता, भोपाल से पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. हितेश वाजपेयी, डॉ. दुर्गेस केसवानी, इंदौर से डॉ. दिव्या गुप्ता, वैभव शुक्ला, सचिन बघेल, सहित अन्य को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है।

### मीडिया विभाग में इन्हें मिली जिम्मेदारी

भाजपा मीडिया विभाग में भोपाल से योगेश गुप्ता, एड. गुंजन चौकसे, वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, सत्येंद्र जैन, कर्नल ईशान आर, महेश वर्मा, शाहवर आलम, रश्मि अग्रवाल, योगेश तिवारी, माही भजनी, डॉ. एसके तिवारी, सुमित रघुवंशी, सूरज खरे, सुमित पाण्डे, अर्चिता जोशी, इंदौर से मनस्वी पाटीदार, सागर कसेरा, एड आदित्य दीक्षित, प्रमे व्यास, नितिन द्विवेदी, जेपी मूलचंदानी, कमल वर्मा, विवेक सिन्हा, डॉ. अविनाश पटवारी, ग्वालियर से सुबोध दुबे, गौरव कुलश्रेष्ठ, सागर से रिशांक तिवारी सहित अन्य को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं ग्वालियर से नवीन चौधरी, अनिल कौरव, सुभाष शर्मा, इंदौर से नितिन द्विवेदी, सतना से दीपक बलेचा, रीवा से योगेंद्र शुक्ला को सदस्य, प्रदेश मीडिया विभाग बनाया गया है।

**खबर संक्षेप**

### शासकीय कर्मचारियों महंगाई भत्ते में 3% वृद्धि, डीए हुआ 58%

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं। इस फैसले के बाद अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार नई दरें निर्धारित तिथि से प्रभावी होंगी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों नियमित कर्मचारियों और पेंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान आगामी वेतन में शामिल किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की मासिक आय में बढ़ोतरी होगी। साथ ही, पेंशनरों को भी संशोधित दर के अनुसार महंगाई राहत (डीआर) का लाभ मिलेगा।

### कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय रणनीतिकार बने डॉ. अतुल

**रायपुर।** राष्ट्रीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने सामाजिक कार्यों और राजनीतिक रणनीति के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले डॉ. अतुल मलिकराम को संगठन का राष्ट्रीय रणनीतिकार नियुक्त किया है।



इस नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य कुर्मी क्षत्रिय समाज को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक संगठित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता राघव पटेल और राष्ट्रीय सचिव कैलाश गौर ने बताया कि डॉ. मलिकराम का रणनीतिक दृष्टिकोण समाज के असल मुद्दों को प्रकाश में लाने में सहायक होगा।

### महुआ बीनने गए बुजुर्ग को हाथी ने कुचला, मौत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** मरवाही वन मंडल अंतर्गत सिवनी बीट के डडिया जंगल में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां महुआ बीनने गए 55 वर्षीय त्रिलोचन सिंह पर हाथी ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ग्राम पंचायत पोंडी के डडिया गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, नर हाथी ने कटघोरा वन मंडल के पसान क्षेत्र से होते हुए 2 अप्रैल को मरवाही वन मंडल में प्रवेश किया था। यह हाथी विभिन्न जंगल क्षेत्रों से गुजरते हुए शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे डडियाडोंगरी जंगल पहुंचा। इसी दौरान त्रिलोचन सिंह पर हाथी ने अचानक हमला कर दिया।

**हरियाणा के सीएम ने कहा, आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें परियोजनाएं**

# गांवों में हो सफाई, शहरों में न हो जलभराव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार का स्वच्छता पर फोकस है। उन्होंने कहा कि गांवों में सफाई हो और शहरों में किसी भी हालत में जलभराव न हो। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिविल सचिवालय में हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के गांवों में तालाबों तथा अपशिष्ट जल निकासी व्यवस्था की नियमित और समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि गांवों के तालाबों से बदबू नहीं आनी चाहिए और घरों में पानी भरने की स्थिति किसी भी हाल में नहीं बननी चाहिए। इसके लिए सफाई, गाद निकासी और जल निकास कार्यों को सुनियोजित एसओपी के तहत संचालित किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित हो।उन्होंने निर्देश दिए कि जिन तालाबों का निर्माण, पुनर्निर्माण अथवा आधुनिकीकरण किया जा रहा है, उन्हें बेहतर प्लानिंग, आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक डिजाइन के साथ विकसित किया जाए। तालाबों के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य भी कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके।

- तालाबों की सफाई एसओपी के अनुसार होनी चाहिए
- किसी स्तर पर लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा



## सफाई में लापरवाही पर अधिकारियों व सरपंचों की जिम्मेदारी तय होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाबों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सोलर पंपों के माध्यम से पानी की नियमित सफाई और प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि यदि किसी गांव में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी, सरपंच और जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रत्येक गांव में पंचायत सचिव की ड्यूटी तालाबों की नियमित निगरानी के लिए निर्धारित करने तथा सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित और उपयोगी जल संरचनाएं विकसित करना है, ताकि ग्रामीणों को पूर्ण सुविधा मिले और जलभराव, गंदगी तथा दुर्गंध जैसी समस्याओं से स्थाई राहत मिल

### 6538 तालाबों को कार्ययोजना में शामिल किया

उल्लेखनीय है कि हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के 6538 तालाबों को कार्ययोजना में शामिल किया गया है, जिनमें से अब तक 2758 कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें 1718 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 484 कार्य प्रगति पर हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार, विकास एवं पंचायत विभाग आयुक्त एवं सचिव डॉ. साकेत कुमार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### फरीदाबाद का विकास प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर : नायब

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी शुक्रवार को सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल पहुंचे है। फरीदाबाद में यह उनका दो दिन का दौरा रहने वाला है। होटल राजहंस में सीएम फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक ले रहे हैं। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नगर विधायक धनेश अदलखा, विधायक सतीश फागना, विधायक मूलचंद शर्मा और मेयर प्रवीण बत्रा जोशी मौजूद रहीं। इस बैठक में शहर की आधारभूत संरचना, यातायात व्यवस्था, जल आपूर्ति, सीवरेज और शहरी नियोजन से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, इन परियोजनाओं को गति देने के लिए आवश्यक बजट को मंजूरी दी जाएगी।

**आज विकसित फरीदाबाद रैली में देंगे सौगातें**

वहीं शनिवार को हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की ओर से सेक्टर-12 में एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली को धन्यवाद एवं विकसित फरीदाबाद रैली नाम दिया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रैली में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

### प्रदेश के 6618 गांवों में से 6520 ओडीएफ प्लस घोषित : रस्तोगी

**चंडीगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत हरियाणा ने देश में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। ग्रामीण स्वच्छता के प्रमुख मानकों पर राज्य ने राष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ओडीएफ प्लस मॉडल श्रेणी में हरियाणा ने 91.08 प्रतिशत कवरेज दर्ज किया है, जो राष्ट्रीय औसत 85.3 प्रतिशत से काफी अधिक है।राज्य के कुल 6,618 गांवों में से 6,520 गांव ओडीएफ प्लस घोषित किए जा चुके हैं, जबकि 6,028 गांवों ने मॉडल स्टेटस प्राप्त कर लिया है। यह उपलब्धि ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में हरियाणा की निरंतर प्रगति को दर्शाती है।मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हरियाणा राज्य स्वच्छ भारत मिशन की कार्यकारी समिति की पांचवीं बैठक मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें राज्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 291.40 करोड़ की महत्वाकांक्षी वार्षिक कार्यान्वयन योजना को मंजूरी दी गई। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने जानकारी दी कि अब तक राज्य में 7.35 लाख से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालय बनाए जा चुके हैं।

### एंटी नारकोटिक फोर्स की कार्रवाई मादक पदार्थों के तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को थाना सिंघोड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अफीम पोस्त डोडा की बड़ी खेप जब्त की है।

इस कार्रवाई में हरियाणा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर जा रहे थे। पुलिस ने चेकिंग लगाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में अफीम पोस्त डोडा भरकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की तरफ लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एनएच-53 स्थित रेहटीखोल के पास पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक पिकअप वाहन को रोका गया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे।

**जब्त माल की कीमत दो करोड़ से ज्यादा**

पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम हरविंदर सिंह और सहयात्री ने सत्यवान वाल्मीकि बताया, जो दोनों हरियाणा के करनाल जिले के निवासी हैं। जब वाहन के पीछे रखी बोरियों के बारे में जानकारी ली गई तो आरोपियों ने स्वीकार किया कि उसमें अफीम पोस्त डोडा भरा हुआ है, जिसे वे झारखंड के गुमला से रायपुर ले जा रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन की तलाशी ली, जिसमें कुल 1432 किलोग्राम अफीम पोस्त डोडा बरामद किया गया।

**उरगा के तरदा भारतमाला मार्ग की घटना**

## स्कार्पियो और ट्राले में जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बीती रात उरगा थाना अंतर्गत तरदा भारतमाला मार्ग पर स्कॉर्पियो और ट्रेलर वाहन में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो पर सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



इस हादसे के बाद वाहन को गैस कटर से काटकर फंसे लोगों को निकाला गया और अस्पताल के लिए रवाना किया गया, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया है। वहीं इसकी सूचना उरगा थाना पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंच जांच कार्रवाई शुरु की गई। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो पर तीन लोग सवार थे, जो रायपुर के एक निजी कंपनी में काम करते हैं। तरदा के पास दोनों वाहनों में टक्कर होने के चलते यह घटना सामने आई। रायपुर से कोरबा आते समय हुई दुर्घटना मृतक अरुण कुमार यादव 27 वर्षीय है, जो झारखंड के गढ़वा जिले के सुनई गांव के रहने वाला था। वहीं घायल 26 वर्षीय चंद्र प्रकाश यादव रायपुर निवासी और 30 वर्षीय नागेंद्र साहू सेमरा धमतरी निवासी बताया जा रहा है। जहां दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**सिर और गर्दन पर घातक वार के निशान, चेहरा कुचला**

## अधेड़ महिला का शव मिलने से सनसनी, रेप-हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

जिला के अंबिकापुर शहर के व्यस्त रिंग रोड स्थित महामाया मंदिर द्वार के पास शुक्रवार को एक अधेड़ महिला का खून से सना शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। महिला की रेप के बाद बेरहमी से हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जांच में पुलिस को महिला के प्राइवेट पार्ट में बोतल मिला है, जिससे महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार महिला के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। हमलावरों ने सिर और गर्दन पर घातक वार किए हैं। इतना ही नहीं, पहचान छिपाने के उद्देश्य से चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया गया है। घटना को देखकर मामला आपसी रंजिश या सुनियोजित हत्या का प्रतीत हो रहा है।



**बारीकी से निरीक्षण कर जुटाए साक्ष्य**

घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी राजेश कुमार अग्रवाल समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पंचनामा कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। भीड़भाड़ वाले मुख्य मार्ग पर इस तरह की नृशंस वारदात से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नागरिकों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्टों का मिलान कर शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

**महिला ने किशोर को बुलाया होटल**

## महिला पर नाबालिग लड़के से दुराचार का आरोप, महिला को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले से एक बेहद चौंकाने वाला और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। एक महिला पर नाबालिग लड़के के साथ अनाचार करने का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग बालक की पहचान सोशल मीडिया के जरिए आरोपी महिला से हुई थी। बातचीत धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई और मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। इसी दौरान 1 मार्च 2026 को महिला ने बालक को भोरमदेव रोड स्थित एक होटल में बुलाया। आरोप है कि वहां उसने भावनात्मक दबाव और मानसिक प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ अनाचार किया। घटना के बाद आरोपी महिला ने पीड़ित को डराया-धमकाया, जिसके कारण वह मानसिक दबाव में आ गया और तुरंत शिकायत दर्ज नहीं करा सका। हालांकि, बाद में हिम्मत जुटाकर उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।




**प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार की भूमिका पर उठाए सवाल**

## मिलावटखोरी जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को लेकर सियासत तेज हो गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि मिलावटखोरी अब आम शिकायत नहीं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर संकट बन चुकी है। पटवारी ने हाल ही में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2000 से अधिक फूड सैंपल फेल पाए गए हैं, जो बेहद चिंताजनक है। खासतौर पर ग्वालियर में सामने आए करीब 420 मामलों ने सरकार की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या किसी एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैल चुकी है।


जीतू पटवारी

**खाद्य पदार्थों में मिलावट पर कांग्रेस का हमला** | **स्वास्थ्य हितों के मुद्दे पर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन**

**दूध, मावा, पनीर और घी में सबसे ज्यादा मिलावट**

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि दूध, मावा, पनीर और घी जैसे रोजमर्रा के डेयरी उत्पादों में सबसे ज्यादा मिलावट पाई जा रही है, जो सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की मिलावट से फूड पॉइजनिंग के अलावा डायबिटीज, हृदय रोग और हार्मोनल असंतुलन जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। पटवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है और प्रशासनिक ढिलाई के चलते ऐसे अवैध कारोबार फल-फूल रहे हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर नियमित जांच और कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। कांग्रेस ने मांग की है कि मिलावटखोरों के खिलाफ कड़े कानूनी कदम उठाए जाएं, खाद्य पदार्थों की पारदर्शी जांच व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी।

## लोकतंत्र पर हमले का आरोपः नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा- विधायकों को तोड़ने-खरीदने की हो रहीं कोशिशें

**सत्ता के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से किया जा रहा समझौता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आगामी राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता हासिल करने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता किया जा रहा है।


उमंग सिंघार

उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने की कोशिश की जा रही है। जब इसमें सफलता नहीं मिल रही, तो उनके खिलाफ पुराने मामलों को सक्रिय कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि 25 साल पुराने प्रकरण में सजा सुनाकर गिरफ्तारी की गई, जबकि दूसरी ओर पूर्व भाजपा विधायक नरोत्तम मिश्रा का पेड न्यूज मामला लंबे समय से लंबित है। इसे उन्होंने दोहरे मापदंड का उदाहरण बताया। सिंघार ने विजयपुर (श्योपुर) से विधायक मुकेश मल्होत्रा की सदस्यता समाप्त किए जाने और उन्हें राज्यसभा चुनाव में मतदान से वंचित करने पर भी सवाल उठाए। साथ ही सेमरिया विधायक अभय मिश्रा और भोपाल मध्य से विधायक आरिफ मसूद के पुराने मामलों को अचानक सक्रिय किए जाने को भी उन्होंने राजनीतिक दबाव की रणनीति बताया।

**डराकर, सदस्यता समाप्त कर चुनाव जीतने की कोशिश**

*नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो विधायक सत्ता पक्ष के दबाव में नहीं आ रहे, उन्हें चुनाव प्रक्रिया से बाहर करने की साजिश रची जा रही है। यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विधायकों को डराकर, सजा दिलाकर और सदस्यता समाप्त कर चुनाव जीतने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि जनता इन घटनाओं को देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।*

चिंतन

# अंतर्विरोधों को दूर करे आम आदमी पार्टी

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उभरी आम आदमी पार्टी (आप) ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्म लेकर जनता के बीच विश्वास का मजबूत आधार बनाया, लेकिन हाल के घटनाक्रम, विशेषकर राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक चल रहा है। पहले स्वाति मालिवाल, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास और प्रशांत भूषण सरीखे नेताओं के बाद अब राघव पर कार्रवाई इस बात का संकेत है कि पार्टी में अंदरूनी कलह चल रही है। किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी आंतरिक एकजुटता और अनुशासन पर निर्भर करती है। आप ने हमेशा खुद को अन्य दलों से अलग, अधिक पारदर्शी और लोकतांत्रिक संगठन के रूप में प्रस्तुत किया, लेकिन राघव चड्ढा प्रकरण ने इस छवि को कहीं न कहीं धक्का पहुंचाया है। यदि पार्टी के वरिष्ठ नेता ही पार्टी लाइन से अलग चलते दिखें या उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तो यह संकेत देता है कि अंदरूनी स्तर पर मतभेद गहरे हो चुके हैं। राघव चड्ढा कभी आप के उभरते सितारे माने जाते थे। विशेषकर पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्हें जीत का हीरो माना गया था, लेकिन अब वही नेता पार्टी नेतृत्व के निशाने पर हैं। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत मतभेद का परिणाम नहीं लगता, बल्कि यह संगठनात्मक असंतुलन की ओर इशारा करता है। राघव का यह कहना कि उन्हें खामोश कराया गया है, पार्टी के भीतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी सवाल खड़े करता है। लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना किसी भी संगठन की मजबूती का संकेत होता है, न कि कमजोरी का। यदि पार्टी के भीतर ही असहमति को दबाने का प्रयास होगा तो वह धीरे-धीरे संगठन को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, पार्टी के प्रवक्ताओं और नेताओं द्वारा राघव चड्ढा पर लगाए गए आरोप भी कम गंभीर नहीं हैं। उनका कहना है कि जब पार्टी को राघव की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस समय वे पार्टी लाइन से अलग दिखे और अपने हितों को ऊपर रखा। यदि यह सही है कि उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर पार्टी का साथ नहीं दिया या पार्टी के प्रस्तावों से दूरी बनाई, तो यह अनुशासनहीनता का मामला बनता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मतभेदों को बातचीत और समन्वय के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई? आप का उदय अण्णा हजारे के आंदोलन से हुआ था, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी की बात करते थे। ऐसे में पार्टी के भीतर उभरते अंतर्विरोध उन मूल सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होते हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर न केवल पार्टी की छवि पर पड़ेगा, बल्कि उसके जनाधार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आप नेतृत्व आत्ममंथन करे। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर संगठन के हित को प्राथमिकता दे। पार्टी को चाहिए कि वह अपने नेताओं के बीच संवाद स्थापित करे, मतभेदों को खुले मंच पर सुलझाए और एक स्पष्ट दिशा तय करे। इससे न केवल आंतरिक एकजुटता मजबूत होगी, बल्कि जनता के बीच भी सकारात्मक संदेश जाएगा। अंततः, राजनीति में केवल बाहरी चुनौतियां ही नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। यदि आम आदमी पार्टी अपने अंतर्विरोधों को समय रहते दूर कर लेती है, तो वह एक बार फिर अपनी साख को मजबूत कर सकती है। अन्यथा, ये मतभेद धीरे-धीरे उसकी राजनीतिक ताकत को कमजोर कर सकते हैं।

# सुरक्षा, विकास और विश्वास की त्रिवेणी से बदलता बस्तर



विचार
केदार कश्यप

इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 30 मार्च को लोकसभा में नक्सलवाद के लगभग समाप्त होने की घोषणा केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक आत्मविश्वासी और निर्णायक भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है। यह वह क्षण है, जब दशकों से संघर्ष और असुरक्षा के साए में जी रहे क्षेत्रों में स्थायी शांति और विकास की नई उम्मीद जगी है। बस्तर , जो कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माना जाता था, आज परिवर्तन, विश्वास और प्रगति की एक सशक्त मिसाल बनकर उभर रहा है। यह बदलाव केवल बंदूक की आवाज़ थमने का संकेत नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और मानसिक स्तर पर आए व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है। वर्षों तक उपेक्षा, गरीबी और संसाधनों की कमी ने जिस क्षेत्र को पीछे रखा, आज वही क्षेत्र योजनाबद्ध प्रयासों से आगे बढ़ रहा है।

इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।

बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने बस्तर के जीवन को नई दिशा दी है। सोलर ऊर्जा और ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं ने अंधेरे गांवों को रोशनी दी, वहीं मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाया। डिजिटल सेवाओं के बढ़ने से पारदर्शिता आई और लोगों की भागीदारी भी बढ़ी। शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधार बस्तर के भविष्य की नींव मजबूत कर रहे हैं। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, आश्रम शालाएं और पोटा केबिन स्कूलों ने बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण दिया है। इससे नई पीढ़ी को हिंसा के रास्ते से दूर रखते हुए उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और टेलीमेडिसिन सुविधाओं ने लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया है। मातृ एवं

*यह केवल नक्सलवाद के अंत की कहानी नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है- जहां बस्तर शांति, आत्मनिर्भरता, सम्मान और समृद्धि के साथ भारत के विकास में अपनी नई पहचान बना रहा है।*



शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, टीकाकरण अभियान और पोषण योजनाओं ने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आर्थिक क्षेत्र में आया परिवर्तन इस पूरे बदलाव का सबसे मजबूत आधार बनकर उभरा है। मनरेगा जैसी योजनाओं ने ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई और पलायन में कमी आई। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। बस्तर की वन संपदा को आर्थिक शक्ति में बदलने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। तेंदूपत्ता, महुआ, साल बीज और अन्य लघु वनोपज के संग्रह और समर्थन मूल्य पर खरीदी ने आदिवासियों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाया है। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई और बिचौलियों पर निर्भरता कम हुई। महिला स्वयं सहायता समूहों ने बस्तर में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की नई कहानी लिखी है। छोटे-छोटे व्यवसायों—जैसे खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, बकरी पालन और मशरूम उत्पादन—ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। इससे न केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि महिलाओं का सामाजिक सम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। युवाओं के लिए कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों के माध्यम से युवा अब नई दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं। इससे उनकी आय बढ़ी है और वे समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इन सभी आर्थिक और सामाजिक सुधारों का सीधा प्रभाव नक्सलवाद पर पड़ा है। जब लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के अवसर मिलते हैं, तो वे हिंसा और भटकाव के रास्ते से दूर रहते हैं। यही कारण है कि सरकारी योजनाएं नक्सलवाद की जड़ों को कमजोर करने में अत्यंत प्रभावी साबित हुई हैं।

'सिविक एक्शन प्रोग्राम' जैसे प्रयासों ने सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास को मजबूत किया है। गांवों में आयोजित चिकित्सा शिविर, खेलकूद और जागरूकता कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया है कि सरकार और सुरक्षा बल जनता के सहयोगी हैं, न कि केवल व्यवस्था लागू करने वाले, सरेंडर करने वाले पूर्व नक्सलियों के पुनर्वास की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्हें शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सहायता प्रदान कर मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है, जिससे वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें और समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। बस्तर का यह परिवर्तन केवल एक क्षेत्र की कहानी नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल है। यह साबित करता है कि जब सुरक्षा, विकास, विश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण को एक साथ आगे बढ़ाया जाता है, तो सबसे जटिल समस्याओं का भी स्थायी समाधान संभव है। आगे की राह में यह आवश्यक है कि विकास के इस मॉडल को और मजबूत किया जाए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी संस्कृति का सम्मान भी शामिल हो। बस्तर के जंगल, परंपराएं और जीवनशैली उसकी पहचान हैं, जिन्हें सुरक्षित रखते हुए ही समृद्धि का मार्ग तय करना होगा।

मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

## ईरान-इजराइल तनाव

मुकेश प्रजापति



# यूएन की प्रासंगिकता, सीमाएं और पुनर्संरचना की जरूरत

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच गहराता तनाव समकालीन वैश्विक राजनीति के सबसे जटिल और संवेदनशील प्रश्नों में से एक बन चुका है। यह संघर्ष केवल द्विपक्षीय विरोधाभास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैचारिक टकराव, क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन, गैर-राज्य कारकों की सक्रियता और महाशक्तियों की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी अंतर्निहित है। विशेष रूप से इस संघर्ष में इजराइल को अमेरिका का स्पष्ट और संरचनात्मक समर्थन प्राप्त है, जो इसे एक क्षेत्रीय विवाद से आगे बढ़ाकर वैश्विक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बना देता है। ऐसे बहुस्तरीय संकट में संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की भूमिका, उसकी प्रासंगिकता और संस्थागत सीमाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण अनिवार्य हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में उदार अंतरराष्ट्रीयतावाद की उस धारणा पर आधारित थी, जिसमें यह विश्वास निहित था कि बहुपक्षीय संस्थाएं, नियम-आधारित व्यवस्था और सामूहिक सुरक्षा तंत्र विश्व शांति को सुनिश्चित कर सकते हैं। 21वीं सदी के जटिल भू-राजनीतिक यथार्थ में यह आदर्श बार-बार यथार्थवादी शक्तियों की राजनीति से टकराता दिखाई देता है। ईरान-इजराइल संबंधों में अंतर्निहित शत्रुता वैचारिक, सामरिक और राजनीतिक स्तरों पर निर्मित हुई है। इजराइल जहां पश्चिमी खेमे का महत्वपूर्ण सहयोगी है, वहीं ईरान स्वयं को क्षेत्रीय प्रतिरोध की धुरी के रूप में प्रस्तुत करता है और इजराइल के अस्तित्व को चुनौती देता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, इजराइल की सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं के साथ मिलकर एक स्थायी तनाव का आधार तैयार करता है। अमेरिका द्वारा इजराइल को प्रदान किया जाने वाला सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संरक्षण इस समीकरण को और अधिक असंतुलित बनाता है, जिससे यह संघर्ष व्यापक शक्ति-राजनीति का प्रतिबिंब बन जाता है। संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को यदि संस्थागत दृष्टि से देखा जाए, तो इसके पास शांति स्थापना, प्रतिबंध, मध्यस्थता और मानवीय हस्तक्षेप जैसे अनेक उपकरण उपलब्ध हैं। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी संरचनात्मक बाधा उसकी सुरक्षा परिषद की संरचना है, विशेषकर स्थायी सदस्यों को प्राप्त वीटो शक्ति। यह व्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति-संतुलन की उपज है, जो वर्तमान बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में असंगत प्रतीत होती है। इजराइल से जुड़े मामलों में अमेरिका का निरंतर समर्थन और वीटो का संभावित प्रयोग संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वहीं रूस और चीन का दृष्टिकोण कई बार संतुलन स्थापित करने के बजाय शक्ति-राजनीति का ही विस्तार प्रतीत होता है। संयुक्त राष्ट्र की सीमाओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझना भी आवश्यक है। वर्ष 2003 में इराक पर अमेरिकी नेतृत्व में हुआ आक्रमण संयुक्त राष्ट्र की स्वीकृति के बिना संपन्न हुआ, जिसने सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा को गंभीर रूप से कमजोर किया। इसी प्रकार, अफगानिस्तान में अमेरिका के दीर्घकालिक सैन्य हस्तक्षेप के दौरान संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अपेक्षाकृत गौण रही, जो इसकी संस्थागत निर्बलता को रेखांकित करता है। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि जब महाशक्तियों के रणनीतिक हित दांव पर होते हैं, तब अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अक्सर निष्क्रिय या अप्रभावी हो जाती हैं। इसके विपरीत, संयुक्त राष्ट्र ने 'लो-पॉलिटिक्स' के क्षेत्रों विशेषकर मानवीय सहायता और वैश्विक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रकार, संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक द्वंद्वात्मक परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिए, जहां एक ओर यह वैश्विक संवाद, वैधता और सहयोग का मंच प्रदान करता है, वहीं दूसरी ओर इसकी संरचनात्मक सीमाएं इसे निर्णायक हस्तक्षेप से रोकती हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र के पुनर्संरचना की आवश्यकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। सुरक्षा परिषद का विस्तार, वीटो शक्ति के प्रयोग पर पुनर्विचार तथा विकासशील देशों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना, ये सभी कदम इसे अधिक प्रतिनिधिक और प्रभावी बना सकते हैं। भारत जैसे उभरते राष्ट्र लंबे समय से इस दिशा में सुधार की मांग करते रहे हैं। अंततः संयुक्त राष्ट्र संघ न तो पूर्णतः अप्रासंगिक हुआ है और न ही सर्वशक्तिमान है। यह एक ऐसी संस्था है, जिसकी प्रभावशीलता वैश्विक शक्ति-संतुलन और सदस्य देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। ईरान-इजराइल संघर्ष के संदर्भ में यह स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सीमित होते हुए भी अनिवार्य बनी हुई है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि इसे समकालीन वैश्विक यथार्थ के अनुरूप पुनर्गठित किया जाए, ताकि यह वास्तव में "विश्व शांति" के अपने मूल उद्देश्य को साकार कर सके।

(लेखक प्राध्यापक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

# भय से विश्वास तक: एक युगांतकारी परिवर्तन



विचार
बृजमोहन अग्रवाल

छह दशकों तक भारत की आंतरिक सुरक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा को चुनौती देता रहा नक्सलवाद आज अपने निर्णायक अवसान की अवस्था में पहुँच चुका है। यह केवल एक सुरक्षा सफलता नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय संकल्प की विजय है, जिसमें स्पष्ट नीति, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और केंद्र-राज्य के अभूतपूर्व समन्वय ने मिलकर एक जटिल और दीर्घकालिक समस्या का समाधान किया है। नक्सलवाद का यह अवसान इस सत्य को पुनः स्थापित करता है कि भारत में बंदूक की शक्ति अंततः लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति के आगे टिक नहीं सकती। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया-इसके पीछे दशकों का संघर्ष, अनगिनत बलिदान और एक ऐसी रणनीतिक निरंतरता रही है, जिसने अंततः इस चुनौती को निर्णायक रूप से परास्त किया।

इस ऐतिहासिक क्षण पर मैं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ-केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय सुरक्षाबलों के उन रणबाँकुरों को-जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इस संघर्ष को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया। यह विजय उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की अमिट गाथा है।

**नक्सलबाड़ी से रेड कॉरिडोर तक: एक वैचारिक आंदोलन का हिंसक विस्तार** : भारत में नक्सलवाद का उदय वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुआ, जिसकी वैचारिक जड़ें तत्कालीन सोवियत संघ और चीन की उग्र वामपंथी विचारधारा में थीं। अपनी विकास विरोधी छवि के कारण जब बंगाल में इस विचारधारा के प्रति विरोध पनपने लगा तो अपने विस्तार के लिए नक्सलवाद ने "सॉफ्ट टारगेट्स" की तलाश शुरू की—ऐसे क्षेत्र जहाँ शासन की पहुँच सीमित हो, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ अधिक हों और जनजागरूकता कम हो। देश के वनांचल, आदिवासी और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र इस दृष्टि से सबसे आसान लक्ष्य थे। नक्सलवाद विस्तार की इसी रणनीति के तहत तथाकथित "रेड कॉरिडोर" विकसित हुआ, जो तिरुपति से पशुपति तक फैले विशाल भूभाग में फैल गया। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़, जिसका लगभग 42 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, इस रेड कॉरिडोर का रणनीतिक केंद्र बन गया। पड़ोसी राज्यों से अपनी गतिविधियाँ सीमित रखने का अघोषित समझौता कर नक्सली अबूझमाड़ क्षेत्र में संगठित होते चले गए। अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण दशकों तक प्रशासनिक सर्वेक्षण से दूर रहा अबूझमाड़ नक्सलियों का सुरक्षित शेल्टर बन गया।

विचारधारा से विचलन: माओवाद से मनीवाद तक: समय के साथ नक्सलवाद ने अपनी मूल वैचारिक पहचान खो दी और एक हिंसक आर्थिक उगाही तंत्र में परिवर्तित हो गया। बस्तर और सरगुजा जैसे वनाच्छादित जनजातीय क्षेत्रों में नक्सलियों ने समानांतर सत्ता संरचना स्थापित कर दी, जहाँ तथाकथित "जन अदालतों" के माध्यम से भय आधारित नियंत्रण कायम किया गया।

छत्तीसगढ़ के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की खदानें, विद्युत परियोजनाएँ, तेंदूपत्ता व्यापार-सभी उनके लिए उगाही के स्रोत बन गए। सरकारी कर्मचारियों, व्यापारियों, ठेकेदारों और यहाँ तक कि पुलिस बलों से भी जबरन वसूली की जाने लगी । यह उगाही धीरे-धीरे इतनी बढ़ी कि छत्तीसगढ़ में इसका वार्षिक आंकड़ा हजारों करोड़ रुपये तक पहुँचने की चर्चा होने लगी। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में यह विचारधारा समाप्त हो गई। चीन ने भी माओवाद की सशस्त्र संरचना को छोड़कर आर्थिक सुधारों पर आधारित पूंजीवादी कम्युनिज्म मॉडल को अपना लिया, लेकिन भारत में नक्सलवाद अपने मूल उद्देश्यों से भटककर लेवी वसूली और हिंसा फैलाने का टूल बन गया। नक्सलवाद के झंडाबरदारों ने विचारधारा को त्यागकर इसे अपने आर्थिक हितों की पूर्ति और आतंक फैलाने का साधन बना लिया।



**नक्सलवाद के वैचारिक समर्थन की राजनीतिक पृष्ठभूमि:** दुर्भाग्य से, कांग्रेस-नीत सरकारों के लंबे शासनकाल में नक्सलवाद के प्रति स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव रहा क्योंकि उस दौर में केंद्र और कई राज्यों में भी वामपंथी पार्टियां कांग्रेस के सहयोगी की भूमिका में थीं। सत्ता के लिए वामपंथ के साथ कांग्रेस की राजनीतिक निकटता का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार करने की बजाय इसे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर वैधता प्रदान करने की नीति हावी हो गई।

उस दौर में प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी यह वैचारिक भ्रम दिखाई देता था। नक्सलवाद को सामाजिक समता पाने का वर्ग संघर्ष ठहराने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किए गए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की नीतियाँ भी नक्सलवाद के विरुद्ध कठोर होने के बजाय सहानुभूतिपूर्ण हो गई थीं। इस ढुलमुल नीति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों के लगभग 180 जिलों में फैल गया और छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से ही प्रदेश के समग्र विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गया।

**जब हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा की गोपनीय बैठक:** वर्ष 2003 से 2006 के बीच, जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी की सरकार में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व मिला, तब प्रदेश में पहली बार नक्सलवाद के विरुद्ध एक ठोस, नीतिगत और समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया। "ज्वाइंट एफर्ट, ज्वाइंट कमांड और ज्वाइंट पॉलिसी" के सिद्धांत पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए गए। तात्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटील जी के साथ इस विषय पर मेरी कई गंभीर और विस्तृत मंत्रणाएँ हुई थीं। उस दौर में इस विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए देश के इतिहास में पहली बार विधानसभा में गोपनीय बैठकों का आयोजन किया गया, ताकि लोग बिना किसी भय के खुलकर अपनी बात रख सकें। तात्कालीन स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली इन बैठकों से अधिकारियों और पत्रकार साथियों को भी दूर रखना जरूरी हो गया था। इन मंत्रणाओं के परिणामस्वरूप बनी रणनीति के तहत तात्कालीन डीजीपी ओपी राठौड़ के नेतृत्व में कई अभियान चलाए गए और इसी क्रम में सलवा जुडूम जैसे जनअभियान की शुरुआत हुई।

**सलवा जुडूम: जनभागीदारी का ऐतिहासिक अध्याय:** हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि अशिक्षा, अज्ञानता और दुष्प्रचार के कारण स्थानीय समाज का एक बड़ा हिस्सा नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखता था। इस स्थिति को बदलने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। स्कूलों, महाविद्यालयों और छात्रावासों में पर्चे और साहित्य वितरित किए गए। घर-घर जाकर नक्सलवाद की वास्तविकता को उजागर किया गया। इस अभियान में दिल्ली विश्वविद्यालय और जेएनयू जैसे संस्थानों से जुड़े राष्ट्रवादी विचारकों और छात्रों का भी सहयोग लिया गया। जनजातीय समाज को यह समझाया गया कि नक्सल नेतृत्व में स्थानीय छत्तीसगढ़ी आदिवासियों की भागीदारी शून्य है। जल जंगल जमीन के नारों की आड़ में हमारे भोले-भाले आदिवासियों का उपयोग केवल एक साधन के रूप में किया जा रहा था। यह भी सामने आया कि नक्सलियों के द्वारा आदिवासी युवतियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था, उन्हें शोषण का शिकार बनाया जाता था, उन्हें विवाह तक नहीं करने दिया जाता और सामान्य सामाजिक जीवन जीने तक से वंचित रखा जाता था। इन सभी कड़वी सच्चाइयों के उजागर होने से आई जनजागृति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद को मिलने वाला सामाजिक समर्थन कमजोर पड़ने लगा।

जब नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा बने सलवा जुडूम के अगुआ 'सलवा जुडूम' केवल एक सरकारी पहल नहीं थी, बल्कि आदिवासी समाज के भीतर से उठा एक स्वाभाविक जनआंदोलन था, जिसने पहली बार सही मायने में नक्सलवाद को चुनौती दी। तात्कालीन नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा जी ने न केवल इस अभियान को पुरजोर समर्थन दिया बल्कि इसे जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। इस संघर्ष से जुड़े रहने के कारण अंततः उन्हें अपने प्राणों की आहुति तक देनी पड़ी—जो इस आंदोलन की गंभीरता और बलिदान की पराकाष्ठा का साक्षात प्रमाण है। नक्सलवाद ने हमें झीरम जैसे दंश दिए जिसमें प्रदेश के अग्रणी नेता काल कलवित हो गए। सलवा जुडूम जनआंदोलन को अगर व्यापक संस्थागत समर्थन मिला होता, तो निश्चित ही नक्सलवाद का उन्मूलन उसी दौर में हो जाता, पर वैधानिक संस्थानों में काम करने वाले कई लोगों की सलवा जुडूम के खिलाफ लामबंदी, अर्बन नक्सली बुद्धिजीवियों के वैचारिक विरोध और केंद्र सरकार के नीतिगत असमंजस के कारण यह अवसर पूर्ण रूप से साकार नहीं हो सका।

**समन्वित नेतृत्व से निर्णायक परिवर्तन** : वास्तविक परिवर्तन तब आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में नक्सलवाद के विरुद्ध स्पष्ट, कठोर और समन्वित नीति अपनाई गई। नक्सलवाद को महज कानून-व्यवस्था की समस्या न मानकर, राष्ट्र की एकता, विकास और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर चुनौती मानते हुए नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए समयबद्ध रणनीति तैयार की गई।

केंद्र और राज्य सरकारों के सशक्त समन्वय के परिणामस्वरूप दिसंबर 2023 से मार्च 2026 के बीच सुरक्षा बलों ने लगातार सटीक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों कुख्यात नक्सलियों को निष्क्रिय किया, हजारों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया और बड़ी संख्या में गिरफ्तारियाँ सुनिश्चित कीं। लैंड माइंस का व्यापक निष्क्रियकरण हुआ और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। केंद्र और राज्य के समन्वित दृष्टिकोण और साझे प्रयासों से छह दशक पुराने नक्सलवाद के नासूर को जड़ से समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ

**बुलेट पर बैलेट की निर्णायक विजय:** नक्सलवाद पर यह विजय केवल एक आंतरिक सुरक्षा अभियान की सफलता नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक आत्मविश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। यह उस निर्णायक परिवर्तन का संकेत है, जहाँ भय की राजनीति को विश्वास की शक्ति ने प्रतिस्थापित किया है और जहाँ बंदूक के साये में जी रहे समाज ने विकास और सहभागिता के मार्ग को अपनाया है। जो लोग बंदूक और गोलियों के दम पर भय के माध्यम से छत्तीसगढ़ में छद्म राज्य की कल्पना करते थे उनका अंत हुआ और लोकतंत्र की विजय हुई। बुलेट पर बैलेट की जीत हुई। देश की जनता, छत्तीसगढ़ की जनता और विशेषकर बस्तर की जनता को इस ऐतिहासिक विजय की हृदय से शुभकामनाएं।

(लेखक छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री एवं वर्तमान में रायपुर लोकसभा से सांसद हैं)





## भाजपा ने असम चुनाव फतह करने के लिए झोंकी पूरी ताकत, तीन शीर्ष नेता पहुंचे

# शाह ने राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने यूसीसी लाने का किया वादा, इसे देश और राज्य के लिए बताया हितकर, योगी ने भी ललकारा

## शाह ने गोलपाड़ा जिले में की चुनावी रैली

एजेंसी ▶▶ गोलपाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के लागू होने से कथित घुसपैठियों की बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और वे 4 शादियां भी नहीं कर पाएंगे। शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार जनजातीय विकास के लिए एक ठोस रोडमैप पर काम कर रही है। दुधनोई में चुनावी रैली में गृह मंत्री शाह ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद घुसपैठियों के लिए चार शादियां करना संभव नहीं रहेगा, साथ ही उन्होंने दावा किया कि यूसीसी से जनसंख्या असंतुलन की समस्या को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। शाह ने कहा कि यह कदम देश और राज्य दोनों के हित में है।

शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में चुनावी रैली में कहा- बढ़ती आबादी पर लगेगी रोक और 4 शादियां भी नहीं कर सकेंगे लोग


जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे

शाह ने यह भी साफ किया कि जनजातीय क्षेत्रों को यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों का सम्मान करती है। पार्टी का उद्देश्य विकास के साथ सामाजिक संतुलन बनाना है।

### जनजातीय विकास के लिए रोडमैप तैयार

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिलकर जनजातीय विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना को तभी लागू किया जा सकेगा, जब राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बने। शाह ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इससे विकास की योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

## हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, धुबरी रैली को रद्द किया

शाह के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण असम के धुबरी जिले के गोलकगंज में शुक्रवार को होने वाली पहली चुनावी रैली रद्द कर दी गई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह गुवाहाटी से गोलकगंज के लिए रवाना हुए थे लेकिन उनका हेलीकॉप्टर उतर नहीं सका, जिसके कारण रैली रद्द कर दी गई।

### यूसीसी पर कांग्रेस फैला रही अफवाह

शाह ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे। लेकिन यह बिल्कुल झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। प्रधानमंत्री ने संस्कृति को बचाया।

### कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया

शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ। शाह ने कांग्रेस पर असम को घुसपैठियों का 'अड्डा' बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने उन्हें भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**असम में गरजे मुख्यमंत्री योगी**



### लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे

**बारपेटा**। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने असम के बारपेटा में जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी। असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे। पारंपरिक रूप में दिखे।

**तमिलनाडु चुनाव**

### 27 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, पूर्व राज्यपाल भी शामिल



**चेन्नई**। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों को सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को टिकट दिया है। डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने टिकट दिया है। पर, अन्नामलाई का नाम शामिल नहीं है।

**तमिलनाडु का सियासी रण**

### कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची प्रदेश अध्यक्ष श्रीपेरंबुदूर मैदान में



**चेन्नई**। तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस ने भी सूबे में अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई का है।

**पुडुचेरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी**

## लंबे रोड शो में लोगों का उत्साह दिखा



पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां चुनाव से पहले शहर में रोडशो शुरू किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया।मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और गृह मंत्री ए. नमसिवायम के साथ प्रधानमंत्री ने अजंता सिग्नल पॉइंट के पास अपने रोडशो की शुरुआत की, जो 2 किलोमीटर से कुछ कम दूरी पर स्थित कामराजर स्टैच्यू/राजा थिएटर सिग्नल के पास समाप्त हुआ।

## *खाड़ी युद्ध का असर केरलम की कम अंतर वाली सीटों पर भी*

ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल की चल रही जंग का सियासी असर केरलम चुनाव वोटिंग पर पड़ सकता है। इसके चलते कई सीटों सियासी उल्टफेर हो सकता है, क्योंकि मलयाली के लोग बड़ी संख्या में गल्फ में रहते हैं और जंग के चलते इस बार मतदान करने नहीं आ पा रहे हैं। दुबई, कतर, सउदी अरब, बहरीन सहित सभी खाड़ी देशों में बड़ी तादाद में मलयाली लोग हेल्थ और सर्विस सेक्टर में काम करते हैं। आम तौर पर मलयाली वोटर चुनाव के दौरान केरल आकर मतदान करते हैं। ईरान के साथ चल रही जंग के चलते फिलहाल फ्लाइट के मंहगे टिकट और जॉब पर गहराते संकट के चलते गल्फ में रहने वाले मलियाली वोटरों का इस बार आना मुश्किल है जिससे राज्य की कम अंतर से हार जीत वाली सीटों का गेम बदल सकता है।



**केरल पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा**

## कांग्रेस, लेफ्ट ने लोगों को बेवकूफ और मुस्लिमों को वोट बैंक बनाया



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सीपीआईएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही आम लोगों के सामने बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाया। भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है। कांग्रेस और कम्युनिस्ट, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के बारे में जनता को गुमराह कर रहे हैं।

**ममता का भाजपा पर आरोप**

### मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी



**कोलकाता**। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी।

**हिंसा रोकने ईसी का कदम**

### केंद्रीय पुलिस बल की 500 कंपनियां रहेंगी तैनात




बंगाल में चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। वोटिंग पूरी होने के बाद भी कानून और व्यवस्था बनाने 500 कंपनियां लगाई है।

**खबर संक्षेप**

### दरभंगा में दिनदहाड़े 2 करोड़ की ज्वेलरी लूटी



**दरभंगा**। यहां के नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार चार अपराधियों ने 'प्रेम ज्वेलर्स' नामक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के गहनों के साथ लगभग 20 लाख रुपए नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

### महाराष्ट्र में 40 किमी लंबा महाजाम, जिंदगी थमी



**धाराशिव**। महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में इन दिनों आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि सड़कें छोटी पड़ गई हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र की कुलदेवी मां येडेश्वरी के दर्शनों के लिए 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से सोलापुर-धुले हाईवे पर हालात बेकाबू हो गए। करीब 40 किलोमीटर लंबा महाजाम लग गया है। महाराष्ट्र के इस प्रमुख हाइवे पर लगे ट्रैफिक जाम के चौंकाने वाले ड्रोन वीडियो सामने आए हैं। हाइवे पर वाहनों की अंतहीन कतारें लगी हुई थीं।

## होर्मुज संकट पर सतापक्ष और विपक्ष में वार-पलटवार तेज

# थरूर व तिवारी के बाद शर्मा ने किया केंद्र की नीतियों का समर्थन, सियासी चश्मे से न देखें

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। उन्होंने देश के हित को सबसे ऊपर कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। शशि थरूर और मनीष तिवारी के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी भारत सरकार की कूटनीतिक नीति का खुलकर समर्थन किया है। शर्मा ने कहा कि इस संकट के समय भारत के राजनयिक, दूतावास और अधिकारी बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं और उनकी कोशिशों को राजनीतिक नजर से नहीं देखना चाहिए। इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा। शर्मा ने कहा भारत ने होर्मुज संकट को अब तक संतुलित और समझदारी भरे तरीके से संभाला है। भारत उन गिने-चुने देशों में है, जहां सबसे अधिक जहाज या तो सुरक्षित निकल पाए हैं या उन्हें भारत की ओर मोड़ दिया गया है। अब तक भारतीय प्रवासी पूरी तरह सुरक्षित हैं। शर्मा ने कहा कि ऐसे संकट में देश के भीतर राष्ट्रीय सहमति और एकजुटता जरूरी होती है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन जब देश, विदेशों में काम कर रहे अधिकारियों की बात हो, तो एक सुर में बोलना चाहिए।

- सरकार की कूटनीतिक नीति को सराहा

## कहा- संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा


आनंद शर्मा


शशि थरूर


मनीष तिवारी

### सरकार लोगों के लिए काम कर रही

शर्मा के बयान में सरकार के रुख की साफ सराहना दिखी। उन्होंने कहा कि भारत के राजनयिक तिरंगे को ऊंचा रखे हुए हैं और वे देश के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में उनका हौसला बढ़ाया जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि भारत इस संकट में न किसी एक तरफ झुका है और न ही किसी के दबाव में आया है। उन्होंने इसे कुशल कूटनीति बताया। उनका कहना था कि यही वजह है कि भारत अब तक अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाया है। इस समय सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि भारत की साख भी बनी रहे।

### पार्टी की वर्किंग कमेटी की बैठक हो

शर्मा से जब यह पूछा गया कि क्या उनका बयान कांग्रेस की तय लाइन से अलग है, तो उन्होंने उलटा सवाल किया कि आखिर पार्टी लाइन है क्या? उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति के बयान को पार्टी लाइन नहीं माना जा सकता। शर्मा ने सुझाव दिया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हो। और वहीं चर्चा के बाद पार्टी का आधिकारिक रुख तय होना चाहिए।

### राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि बताया

शर्मा के बयान का सबसे बड़ा संदेश यही रहा कि इस संकट में भारत की पहली चिंता अपने नागरिकों, प्रवासियों और समुद्री हितों की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि भारत का संतुलित रुख इसलिए जरूरी है, क्योंकि उसे किसी खेमे में खड़े होने के बजाय अपने राष्ट्रीय हित को देखना है। यही कारण है कि उन्होंने राजनीतिक बहस से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता की बात की। उनके बयान ने दिखाया कि कांग्रेस के भीतर ऐसे नेता मौजूद हैं, जो विदेश नीति जैसे मामलों में सरकार के अच्छे कदमों को स्वीकार करने में हिचक नहीं रखते। शर्मा का बयान यही दिखाता है।

### *सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी*

शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार ने ऑल पार्टी मीटिंग की है, लेकिन इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। यह संवाद एक बार की औपचारिकता बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे लगातार जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी है। ऐसे संकट में देश को एकजुट दिखना चाहिए। शर्मा ने यह भी साफ किया कि सरकार के पास ज्यादा जानकारी होती है, क्योंकि वही अंतरराष्ट्रीय नेताओं और दूसरे देशों के साथ सीधे संपर्क में होती है। इसलिए कुछ फैसले वही बेहतर तरीके से ले सकती है।

**अब खुद तय करेगी पाठ्यक्रम**

## एनसीईआरटी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सलाह पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा दे दिया है। इससे अब एनसीईआरटी को विश्वविद्यालय की तरह काम करने की आजादी मिलेगी। इस फैसले के साथ ही एनसीईआरटी की भूमिका अब केवल स्कूलों के लिए पाठ्यक्रम और किताबें तैयार करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा सकेगी। यानी एनसीईआरटी अब डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट (यूजी), पोस्टग्रेजुएट (पीजी), डॉक्टरेट और स्पेशलाइज़्ड प्रोग्राम ऑफर कर सकेगी।



### घटक इकाई

एनसीईआरटी, अपने छह घटक इकाइयों के साथ,एक 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' होगा। यानी ये फैसला दिल्ली स्थित एनसीईआरटी मुख्यालय के साथ-साथ इसके छह घटक संस्थानों पर भी लागू होगा। इनमें अजमेर (राजस्थान), भोपाल (मध्य प्रदेश), भुवनेश्वर (ओडिशा), मैसूर (कर्नाटक), शिलांग (मेघालय) और भोपाल का पंडित सुंदरलाल शर्मा व्यावसायिक शिक्षा संस्थान शामिल हैं।

## *इतिहास के पेपर में क्यूआर कोड स्कैन करते ही दिखा रॉक बैंड, बोर्ड ने कहा-शरारत!*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीबीएसई ने 12वीं के गणित के पेपर में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर एक फेमस रॉक बैंड का वीडियो वायरल हुआ था। अब 30 मार्च को हुए सीबीएसई 12वीं कक्षा के इतिहास के पेपर में दिया गया क्यूआर कोड एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पेज पर ले गया। इसके बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की है। सीबीएसई ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है, वेब पर दिखने वाले नतीजे एल्गोरिदम-आधारित सर्च आउटपुट हैं और इनका सीबीएसई या उसकी परीक्षा प्रक्रिया से कोई लेना-देना नहीं है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर चल रही इस चर्चा को शरारतपूर्ण दुष्प्रचार करार दिया है। एडवाइजरी में कहा गया है, कुछ तत्व जानबूझकर इन असंबंधित सर्च नतीजों को गलत पेश कर रहे हैं, ताकि सीबीएसई की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। इसमें आगे कहा गया है कि क्यूआर कोड को असंबंधित व्यक्तियों या सामग्री से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है।



## जयराम बोले- नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन का उद्देश्य तमिलनाडु व बंगाल के चुनावों को प्रभावित करना

# कांग्रेस का आरोप- संसद का विशेष सत्र आहूत करना चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने मोदी सरकार द्वारा 16 अप्रैल से बुलाए गए संसद के विशेष सत्र को आचार संहिता का खुला उल्लंघन करार देते हुए कहा है कि इसका उद्देश्य तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों को प्रभावित करना है।संसदीय सत्र में परिसीमन के लिए भी संविधान संशोधन लाने के समाचारों पर जयराम ने कहा कि परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए और इस प्रस्ताव पर व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी से दक्षिण भारत, उत्तर-पश्चिमी भारत और उत्तर-पूर्वी भारत के राज्यों सहित कई राज्यों को नुकसान होगा और उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए जयराम ने कहा कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन का एकमात्र उद्देश्य विधानसभा चुनावों में लाभ लेना और प्रधानमंत्री द्वारा दोबारा इसका श्रेय बटोरना है। सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए जयराम ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि महिला आरक्षण 2024 के आम चुनाव से ही लागू होना चाहिए था। अगर सरकार का 2029 के चुनाव से इसे लागू होने का इरादा है तो कांग्रेस इसका समर्थन करती है। चुनाव को देखते हुए यह संसद सत्र 29 अप्रैल के बाद बुलाया जा सकता था। परिसीमन के प्रस्ताव पर जल्दबाजी नहीं, बल्कि व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में पास हुए महिला आरक्षण अधिनियम में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि परिसीमन और जनगणना के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने उस समय भी मांग की थी कि इसे 2024 के आम चुनावों से ही लागू किया जाए, लेकिन सरकार नहीं मानी थी। जयराम ने कहा कि अब लगभग 30 महीने बाद जागने पर मोदी सरकार कह रही है कि जनगणना के नतीजे में तीन-चार साल लगेंगे, इसीलिए अभी संशोधन जरूरी है, ताकि 2029 के चुनाव से यह लागू हो जाए। सरकार के इस दावे को खारिज करते हुए उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का वीडियो दिखाया, जिसमें उन्होंने बताया कि 2027 में ही जनगणना के आंकड़े उपलब्ध हो जाएंगे। अगले सप्ताह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी सांसदों और अन्य विपक्षी दलों के साथ बैठक करेंगे, ताकि इस विशेष सत्र के लिए साझा रणनीति तैयार की जा सके।

रमेश ने खुलासा किया कि किरेन रिजिजू के पत्रों में केवल महिला आरक्षण कानून में संशोधन की बात थी, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि सरकार इस विशेष सत्र में परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन को भी लाने की योजना बना रही है। उन्हें अनौपचारिक तौर पर पता चला है कि सरकार संविधान के अनुच्छेद 81 और अनुच्छेद 82 में संशोधन करना चाहती है। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों में भले ही 50 प्रतिशत समानुपातिक वृद्धि होगी की बात कही जा रही है, लेकिन इससे केरलम, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, हरियाणा, असम और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। उन्होंने कहा-यदि केरलम की लोकसभा सीटें 20 से बढ़कर 30 और यूपी की सीटें 80 से बढ़कर 120 होती हैं, तो दोनों के बीच का अंतर 60 से बढ़कर 90 हो जाएगा। रमेश ने बताया किकांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में संशोधन पर चर्चा की इच्छा जताई थी। खरगे ने कहा कि सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। 24 मार्च को सभी विपक्षी दलों ने भी सर्वसम्मति से 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की।

# आरबीएल का बिक गया 74 फीसदी हिस्सा, आरबीआई ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इससे यह बैंक, विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

- अब आरबीएल विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा

आरबीएल बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने यह मंजूरी एक अप्रैल को दी, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दूसरे सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने अक्टूबर 2025 में आरबीएल बैंक में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का प्रस्ताव पेश किया था जिसके बाद यह मंजूरी दी गई।

## दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने खरीदी हिस्सेदारी

### बैंक का कुल मतदान अधिकार 26 फीसदी तक सीमित रहेगा

*बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 12(2) के तहत ईएनबीडी के मताधिकार को आरबीएल बैंक के कुल मतदान अधिकारों के 26 प्रतिशत तक सीमित रखा जाएगा। एनबीडी को 'सिंगल मोड ऑफ प्रेजेंस' की शर्त से अस्थायी छूट दी गई है जब तक कि भारत में उसकी शाखाओं का आरबीएल बैंक के साथ विलय नहीं हो जाता या अधिकतम एक वर्ष की अवधि पूरी नहीं हो जाती।*




### विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान होंगे लागू

आरबीआई ने कहा कि ऐसे बैंक पर पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मॉडल के तहत संचालित विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान लागू होंगे। हालांकि निदेशक मंडल बैठकों में उपस्थित निदेशकों में कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होने की शर्त इस पर लागू नहीं होगी।

*आरबीआई ने नहीं जताई आपत्ति : बैंक को अपने 'आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' में आवश्यक संशोधन कर आरबीआई से मंजूरी लेने को कहा गया है और बैंक इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा। आरबीआई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अधीन ईएनबीडी को आरबीएल बैंक का प्रवर्तक वर्गीकृत करने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई है।*

### ईएनबीडी को 51 फीसदी हिस्सा बनाए रखना होगा

मंजूरी पत्र के अनुसार, एमिरेट्स एनबीडी (ईएनबीडी) को आरबीएल बैंक की चुकता पूंजी का कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखना होगा। इसके बाद बैंक को सब्सिडी मॉडल के तहत विदेशी बैंक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जिसमें निवेशक, मूल विदेशी बैंक होगा।

*मंजूरी लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी*
*आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह मंजूरी भारत सरकार से 49 प्रतिशत से अधिक निवेश के लिए आवश्यक स्वीकृति, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) 1999, सेबी नियमों तथा अन्य लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी।*

## खबर संक्षेप

### गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को बाजार रहें बंद

**मुंबई।** 'गुड फ्राइडे' के उपलक्ष्य में भारतीय शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार शुक्रवार को बंद रहे। बाजार में कोई कारोबारी गतिविधियां नहीं हुई। रोज की तरह शनिवार को बाजार में होगा कामकाज।

### बजाज ऑटो की बिक्री 20% बढ़कर 4,45,377 इकाई

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड की मार्च में कुल बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 4,45,377 इकाई हो गई। मार्च 2025 में यह 3,69,823 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मार्च में घरेलू बाजार में कुल बिक्री 2,66,290 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,21,474 इकाई थी।

### सेनको गोल्ड को राजस्व में 30 फीसदी उछाल की उम्मीद

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेता कंपनी 'सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स' को वित्त वर्ष 2025-26 में अपना कुल राजस्व 8,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचने और शुद्ध मुनाफा दोगुना होने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुवांकर सेन ने बताया कि राजस्व में यह उछाल सालाना आधार पर लगभग 30 प्रतिशत अधिक होगा। कंपनी ने इससे गत वित्त वर्ष (2024-25) में 6,258 करोड़ रुपये के राजस्व पर 165.37 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### गॉडियम आईवीएफ की एआई के इस्तेमाल की पेशकश

**नई दिल्ली।** बांझपन के इलाज से जुड़ी कंपनी गॉडियम आईवीएफ एंड वूमन हेल्थ लिमिटेड ने देश में कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से बांझपन के उपचार की पेशकश की है। कंपनी ने बयान में यह जानकारी दी है। बयान के मुताबिक, इस उपचार के तहत उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रौद्योगिकी को नियमित इलाज के तरीकों में शामिल किया गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## मिडिल ईस्ट संकट से वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ गई अस्थिरता

# रूस ने भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है।

घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की। मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बृहस्पतिवार शाम वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले।




- दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जताई सहमति
- रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस ने की डोभाल व जयशंकर से चर्चा
- डेनिस, प्रधानमंत्री मोदी व वित्त मंत्री सीतारमण से भी मिले

### रूस उर्वरकों में भारत की जरूरत पूरी करने तैयार

इस बैठक की सह-अध्यक्षता मंतुरोव और जयशंकर ने की। रूस के बयान के अनुसार, परस्पर लाभकारी व्यापार, निवेश एवं औद्योगिक सहयोग का विस्तार बैठक के प्रमुख एजेंडा में शामिल था। मंतुरोव ने कहा कि 2025 के अंत तक रूस ने भारत को उर्वरकों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत वृद्धि की है और वह आगे भी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नयी दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। बयान में कहा गया, ''डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है।''

### एलपीजी आपूर्ति स्थिर : इंडियन ऑयल

*देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। कंपनी बयान के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है।*

## ईरान युद्ध का सूरत के कपड़ा केंद्र पर बुरा असर काम के दिन घटाए गए

एजेंसी ▶▶| सूरत



पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गुजरात के कपड़ा केंद्र सूरत में लागत बढ़ने का असर अब महसूस होने लगा है। कई इकाइयों ने या तो अपने रोजाना काम करने के घंटे कम कर दिए हैं या फिर अपने उत्पादन के सक्रिय दिन घटा दिए हैं। कुछ पदाधिकारियों ने दावा किया कि उद्योग को इस समय रोजाना लगभग 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। सूरत शहर भारत में मानव निर्मित कपड़े के उत्पादन के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। साउथ गुजरात टेक्सटाइल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने बढ़ती लागत को नियंत्रित करने के लिए इन इकाइयों के काम करने के दिनों को सात से घटाकर हफ़्ते में पांच दिन करने का फैसला किया है। संघ के अध्यक्ष जितेंद्र वक्तानिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''कच्चे माल और कोयले की बढ़ती कीमतों के कारण, सूरत और दक्षिण गुजरात का कपड़ा प्रसंस्करण उद्योग संकट का सामना कर रहा है। फेडरेशन ऑफ गुजरात वीवर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदर्न गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष अशोक जिरावाला ने बताया कि कई इकाइयों ने अपने उत्पादन चक्र को भी 24 घंटे से घटाकर 12 घंटे प्रतिदिन कर दिया है, जिससे कुल उत्पादन पर असर पड़ा है। हालात काफी मुश्किल हो गए हैं।

## सोना, चांदी की कीमतें रहीं अपरिवर्तित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम रहने से चांदी और सोने की कीमतें स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर अपरिवर्तित रही। इसी तरह 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) पर स्थिर बनी रही।

सर्राफा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू कीमतें एक सीमित दायरे में ही रहीं, क्योंकि वैश्विक बाजारों से कोई नया संकेत नहीं मिला।

**वैश्विक बाजार गुड फ्राइडे पर रहे बंद**

वैश्विक बाजार 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बंद थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम होने के कारण भी कीमतें स्थिर रहीं। बाजार के प्रतिभागी अब सर्राफा की कीमतों में आगे की दिशा जानने के लिए विदेशी बाजारों के फिर से खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

## हिंदुस्तान जिंक का खनन व परिष्कृत धातु उत्पादन बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) का खनन एवं परिष्कृत धातु का उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बढ़ा जबकि चांदी के उत्पादन में मामूली गिरावट दर्ज की गई। जनवरी-मार्च (चौथी तिमाही) में खनन धातु उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 3,15,000 टन हो गया, जबकि परिष्कृत धातु उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़कर 2,82,000 टन रहा। खनन धातु उत्पादन से तात्पर्य पृथ्वी से कच्चे अयस्क को निकालकर ऐसा संकेंद्रित पदार्थ तैयार करना है, जिसमें कुछ अशुद्धियां होती हैं। इसके बाद परिष्कृत धातु उत्पादन की प्रक्रिया में शुद्धिकरण कर धातु की शुद्धता 99 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाई जाती है, ताकि इसे औद्योगिक उपयोग के लिए तैयार किया जा सके। कंपनी ने बयान में कहा कि चौथी तिमाही में चांदी का उत्पादन 0.2 प्रतिशत घटकर 176 टन रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 177 टन था।

- चांदी उत्पादन में मामूली गिरावट
- चौथी तिमाही में उत्पादन दो प्रतिशत बढ़ा



*दुनिया की सबसे बड़ी जस्ता उत्पादक कंपनी*

*इसके अलावा, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का पवन ऊर्जा उत्पादन 11 प्रतिशत घटकर 5.6 करोड़ यूनिट रह गया, जो एक साल पहले 6.3 करोड़ यूनिट था। हिंदुस्तान जिंक दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी है और वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच चांदी उत्पादकों में शामिल है। कंपनी 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है। भारत के प्राथमिक जस्ता बाजार में इसकी करीब 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है।*

## देश भर में घरेलू एलपीजी बिक्री सामान्य

**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने वाले मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद, भारत में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर, पर्याप्त और कड़ी निगरानी में बनी हुई है। घरेलू एलपीजी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इंडियनऑयल ने घरों में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी है और वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित कर रहा है, जो मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों के शुरू होने से पहले के सामान्य वितरण स्तरों के अनुरूप है। ग्राहकों को एलपीजी रिफिल बुक करने के लिए एसएमएस और आईवीआरएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान में, लगभग 87% बुकिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त होती हैं। सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी ओटीपी) के साथ डिलीवरी की जा रही है ताकि सिलेंडर इच्छित ग्राहकों तक पहुंचें। कॉर्पोरेशन अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की गई चिंताओं को सक्रिय रूप से सुन रहा है और उन्हें शीघ्रता से संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडेन के ग्राहकों से अनुरोध है कि वे त्वरित सहायता के लिए **indanecareho@indianoil.in** पर संपर्क करें। सोशल मीडिया और ग्राहकों की शिकायतों के माध्यम से कुछ एलपीजी वितरकों द्वारा की जा रही अनियमितताओं की रिपोर्ट सामने आई हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए, एलपीजी वितरकों के अचानक निरीक्षण करने हेतु कई अंतर-कार्यात्मक टीमें तैनात की गई हैं। अब तक 7,500 से अधिक निरीक्षण किए जा चुके हैं और 141 एलपीजी वितरकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिनमें 5 वितरकों का निलंबन भी शामिल है। इंडियनऑयल और अन्य तेल विपणन कंपनियां अनियमितताओं को रोकने और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए देश भर की राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

## यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि छह फीसदी घटने का अनुमानः इक्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उच्च आधार और बदलती हुई वृहद-आर्थिक परिस्थितियों के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि दर घटकर चार से छह प्रतिशत रह जाने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया। इक्रा ने एक बयान में कहा कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में वाहन उद्योग की थोक बिक्री लगभग सात-नौ प्रतिशत बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान इसे मजबूत त्योहारी मांग, जीएसटी दरों में कटौती और कई नए मॉडलों की पेशकश से समर्थन भी मिला। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''उद्योग में संरचनात्मक बदलाव लगातार देखे जा रहे हैं, जिसमें कुल बिक्री में एसयूवी एवं अन्य उपयोगिता वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 67 प्रतिशत है। इससे प्रीमियम उत्पादों की ओर बढ़ते रुझान का पता चलता है।''



इसके अलावा, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे वैकल्पिक ईंधन पर चलने वाले वाहनों की बढ़ती पैठ से भी वाहनों की मांग में विविधता आई है।

### नए उत्पाद पर पूंजीगत व्यय जारी रह सकता है

इक्रा ने कहा कि वृद्धि में अपेक्षित नरमी के बावजूद यात्री वाहन विनिर्माता नए उत्पादों के विकास और इलेक्ट्रिक वाहन मंच पर महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय जारी रख सकते हैं।

## एचएसबीसी ने कहा

# खुदरा महंगाई छह प्रतिशत से अधिक होने के आसार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बने रहने पर खुदरा महंगाई दर छह प्रतिशत से अधिक हो सकती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय दायरे की ऊपरी सीमा है और इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। विदेशी ब्रोकरेज एचएसबीसी ने यह अनुमान जताया है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में अपने विश्लेषण के आधार पर कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमतों का औसत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहता है, तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर छह प्रतिशत से नीचे बनी रह सकती है।

### मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले अटकलें

अगले बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या आरबीआई डॉलर के मुकाबलो रुपये को संभालने के लिए ब्याज दरों के साधन का इस्तेमाल करेगा। इस रिपोर्ट में ऐसे कदम से जुड़े जोखिमों का भी उल्लेख किया गया है।

### आपूर्ति की स्थिति अभी सामान्य नहीं

अर्थशास्त्रियों ने सुझाव दिया कि फिलहाल मौद्रिक एवं राजकोषीय दोनों मोर्चों पर 'तटस्थ' रुख अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि आपूर्ति की स्थिति अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है और मांग को बढ़ावा देने से महंगाई बढ़ सकती है। ऊर्जा क्षेत्र का यह आघात अगर कुछ और सप्ताह तक जारी रहता है, तो इससे आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाला दबाव महंगाई के प्रभाव से अधिक हो सकता है।

## जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफ्रॉमेशन टेक्नोलोजी का एसआईएएम छात्र अध्याय विश्व में प्रथम स्थान पर

**सोलन।** गौरव के एक ऐतिहासिक क्षण में जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफ्रॉमेशन टेक्नोलोजी के एसआईएएम छात्र अध्याय ने सोसायटी फॉर इंडस्ट्रीयल एंड एपलाइड मैथेमैटिक्स द्वारा आयोजित वैश्विक सदस्यता अभियान प्रतियोगिता में 200 से अधिक छात्र अध्यायों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता वर्ष 2025 के अंत में आयोजित की गई थी, जिसमें निर्धारित अवधि के दौरान सर्वाधिक नए सदस्यों को जोड़ने वाले अध्याय को सम्मानित किया गया। जेयूआईटी एसआईएएम टीम ने रणनीतिक योजना, समर्पण और सक्रिय संवाद के माध्यम से वैश्विक स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि प्रो. (डॉ.) विवेक सहगल के मार्गदर्शन और सहयोग में संभव हुई, जिनके नेतृत्व और प्रोत्साहन ने अध्याय की निरंतर प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उपलब्धि केवल सदस्य संख्या तक सीमित नहीं है। पिछले वर्ष के दौरान अध्याय ने विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक और शोध उन्मुख वातावरण को सशक्त बनाने हेतु अनेक प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें शामिल हैं, अनुप्रयुक्त गणित और संगणनात्मक उपकरणों पर कार्यशालाएं, विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं के व्याख्यान, कोडिंग एवं समस्या समाधान सत्र, गणितीय अनुसंधान के अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रम, अंतर्विषयी नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले सहयोगात्मक आयोजन आदि।

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें मेहनत से सफलतापूर्वक निभाएंगे।

**वृष** — आज स्थिरता और व्यावहारिक सोच का दिन है। करियर में प्रगति के अवसर आएंगे। परिवार के साथ समय बिताने से शांति मिलेगी। पाचन का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज संचार और बुद्धिमत्ता से सफलता मिलेगी। नौकरी या व्यापार में अच्छे प्रस्ताव आएंगे। छोटी यात्रा लाभदायक साबित होगी।

**कर्क** — भावनाओं पर नियंत्रण रखें। घरेलू मामलों में सुधार होगा, परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन तनाव न लें।

**सिंह** — नेतृत्व क्षमता दिखाने का उत्तम दिन। कार्यक्षेत्र में तरक्की और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।

**कन्या** — मेहनत और जिम्मेदारियों से भरा दिन। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, सराहना मिलेगी। आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**तुला** — संतुलन और सौंदर्य का प्रभाव रहेगा। करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, नियमित व्यायाम शामिल करें।

**वृश्चिक** — गहन सोच और रहस्यमयी गतिविधियों का दिन। कार्य में गुप्त सहयोग से लाभ हो सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। स्वास्थ्य में लापरवाही न करें।

**धनु** — भाग्यशाली दिन साबित होगा। यात्रा या नई योजनाएं सफल होंगी। करियर में उन्नति के योग हैं। आर्थिक सुधार होगा। प्रेम जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य, नियमित दिनचर्या बनाए रखें।

**कुंभ** — नए विचार और रचनात्मकता से लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक लाभ संभव, निवेश सोचकर करें। प्रेम में रोमांच रहेगा।

**मीन** — अंतर्मुखी और भावनात्मक दिन रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में सुधार के संकेत हैं। मानसिक संतुलन बनाए रखें।

## शब्द पहेली - 6185



**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6184 का हल**





# ट्रेनिंग में लौटे चेन्नई सुपर किंग्स के दो धाकड़ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 में आगाज अच्छा नहीं रहा था। टीम को राजस्थान रॉयल्स के सामने करारी हार मिली थी। अब दूसरे मुकाबले में चेन्नई का सामना पंजाब किंग्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए अच्छी खबर है। उसके दो अहम खिलाड़ी ट्रेनिंग में नज़र आए।

ये दोनों चोटों की वजह से राजस्थान के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे। ये हैं महेंद्र सिंह धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस। हालांकि दोनों के खेलने पर अभी तस्वीर साफ नहीं हुई लेकिन ट्रेनिंग में आने से बूस्ट मिला है। धोनी के बारे में चेन्नई ने कहा था कि वह दो सप्ताह के लिए बाहर हुए हैं। वह अभी काफ स्ट्रेन से जूझ रहे हैं। वहीं ब्रेविस को साइड स्ट्रेन के चलते पहले मुकाबले से बाहर रहना पड़ा था। उनकी वापसी पर कोई अपडेट नहीं आई थी। इस बीच यह साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी टीम फिजियो के साथ प्रैक्टिस करता दिखा। उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। इस दौरान वे किसी मुश्किल में नहीं दिखे।ोनी ने 1 अप्रैल को भी सीएसके की प्रैक्टिस में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने स्पिनर्स का सामना किया था। 2 अप्रैल को उन्होंने पेसर्स और थ्रोडाउन भी खेले। इस दौरान कुछ शॉट्स पर तो गेंद स्टैंड्स में जाकर गिरी। धोनी के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने हंसते हुए कहा कि उनके बारे में 13वीं दिन अपडेट दी जाएगी क्योंकि वे दो सप्ताह के लिए पहले ही बाहर हो चुके हैं।

# अभिषेक ने जताई असहमति, लगा 25 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



सनराइजर्स हैदराबाद के उप कप्तान अभिषेक शर्मा पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। अभिषेक ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल एक के उल्लंघन का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की दी सजा को मान लिया।

आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। अभिषेक ने 21 गेंदों में 48 रन बनाकर सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 65 रन से जीता, जो उसकी मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत भी है। अभिषेक ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए लेकिन टीवी अंपायर नितिन मेनन के फैसले पर असहमति जताने के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया।

वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर डाइव लगाकर अभिषेक का कैच लिया, लेकिन इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं था कि कैच साफ तरीके से लिया गया था। लेकिन मेनन ने कैच को वैध करार दिया, जिस पर अभिषेक ने अपनी असहमति जताई थी।

## खबर संक्षेप



### मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। रहाणे ने कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है।

### पीएसबी ने की खेल बजट में बढ़ोतरी की मांग

**कराची।** पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए उनका सालाना बजट 1.2 अरब रुपए से बढ़ाकर 4.9 अरब रुपए कर दिया जाए। इस हफ्ते इस्लामाबाद में पीएसबी की 36वीं सालाना बैठक में सालाना बजट बढ़ाने के संबंध में फैसला लिया गया। पड़ोसी देश भारत और एशिया के दूसरे देशों की तुलना में पाकिस्तान का खेल बजट सबसे कम माना जाता है, जिसने 1984 के बाद से ओलंपिक खेलों में सिर्फ एक स्वर्ण पदक जीता है।

### भविष्य का खिलाड़ी गजांफर, करेगा बेहतर प्रदर्शन : जयवर्धने

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने अफगानिस्तान के युवा स्पिनर अल्लाह गजांफर का बचाव करते हुए उन्हें टीम का 'एक्स फैक्टर' बताया। बीस वर्ष के गजांफर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के पहले मैच में 51 रन दिए थे। जयवर्धने ने कहा,' वह भविष्य का खिलाड़ी है।



## कप्तान श्रेयस की फिफ्टी, वैशाख ने 2 विकेट झटके

# पंजाब की लगातार दूसरी जीत चेन्नई को 5 विकेट से हराया

किंग्स ने 18.4 ओवर में 5 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल किया

भाषा ▶▶| चेन्नई

कप्तान श्रेयस अय्यर के शानदार और संतुलित अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराया। श्रेयस ने 29 गेंद में 50 रन बनाये और निहाल वढेरा के साथ चौथे विकेट के लिये 59 रन की अहम साझेदारी की। पंजाब ने 210 रन का लक्ष्य आठ गेंद बाकी रहते पांच विकेट खोकर हासिल करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार थी। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने विशाल लक्ष्य के बावजूद संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरूआत दी। प्रियांश आर्य ने 11 गेंद में 39, प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंद में 43 और कूपर कोनोली ने 22 गेंद में 36 रन बनाये। आर्य ने चेन्नई के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। खलील अहमद को उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया जबकि मैट हेनरी को उनके पहले ही ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर 20 रन निकाले। आर्य और प्रभसिमरन ने सिर्फ 4.2 ओवर में 61 रन की साझेदारी की। वहीं कप्तान श्रेयस ने धीमी शुरूआत करने के बाद हाथ खोलने शुरू किये। उन्होंने स्पिनरों की जमकर धुनाई की और लेग स्पिनर राहुल चाहर को शानदार छक्का लगाया। श्रेयस ने अंशुल कम्बोज को चौका लगाकर 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसी गेंदबाज की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। अगले ओवर में हेनरी ने वढेरा को पवेलियन भेजा लेकिन तब तक पंजाब की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। इससे पहले आयुष म्हात्रे के 43 गेंद में 73 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 209 रन बनाये। संजू सैमसन (सात) के जल्दी आउट होने के बाद म्हात्रे ने कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (28) के साथ दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की।




### चेन्नई-209/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का प्रभसिमरन बो बार्टलेट | 7 |
| रूतुराज का वढेरा बो चहल | 28 |
| आयुष का चहल बो विशाख | 73 |
| शिवम दुबे नाबाद | 45 |
| कार्तिक पगबाधा बो यानसेन | 01 |
| सरफराज का वढेरा बो विशाख | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 6 |

अतिरिक्त : 17 रन
योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन
विकेट पतन : 1-14, 2-110, 3-123, 4-130, 5-168
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-41-0, बार्टलेट 4-0-48-1, यानसेन 4-0-43-1, विशाख 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टोइनिस 1-0-17-0

### पंजाब-210/5 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो हेनरी | 49 |
| प्रभसिमरन सिंह रन आउट | 43 |
| कूपर का हेनरी बो कम्बोज | 36 |
| श्रेयस का चाहर बो कम्बोज | 50 |
| निहाल का नूर अहमद बो हेनरी | 10 |
| शशांक सिंह नाबाद | 14 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 9 |

अतिरिक्त : नौ रन
योग : 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन
विकेट पतन : 1-61 , 2-95 , 3-127 , 4-186 , 5-186
गेंदबाजी: खलील 3-0-28-0, हेनरी 4-0-54-2, कम्बोज 3.4-0-43-2, नूर 4-0-38-0, चाहर 4-0-46-0

### मुंबई बनाम दिल्ली, टॉप ऑर्डर पर नजर, मैच दोपहर 3:30 बजे से

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी।

### राजस्थान और गुजरात के बीच मुकाबला आज

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है।

## शतरंज

# 11 साल की बोधना बनीं इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी...



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल की शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवानंदन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की नवीनतम रेटिंग सूची के अनुसार इंग्लैंड की शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

इस 11 वर्षीय खिलाड़ी के माता-पिता 2007 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से इंग्लैंड चले गए थे। उनके अभी 2366 रेटिंग अंक हैं। उत्तरी लंदन में रहने वाली प्राथमिक विद्यालय की छात्रा बोधना ने फिडे की सूची में चार बार की ब्रिटिश महिला चैंपियन 25 वर्षीय लैन याओ को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह पहली बार विश्व की शीर्ष 100 महिला खिलाड़ियों में भी शामिल हो गई हैं। वह अभी 72वें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी।

### हैरो की स्कूली छात्रा की बड़ी उपलब्धि

विज्ञप्ति के अनुसार, ' यह हैरो की एक स्कूली छात्रा के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने (2020 के कोविड19) लॉकडाउन के दौरान उस बैग में शतरंज का बोर्ड और सेट मिलने के बाद इस खेल को अपनाया, जिसे उसके पिता फेंकना चाह रह थे।' भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शिवानंदन को बधाई दी और उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने सरकारी आवास पर उनके साथ एक मैच खेला था। सुनक ने एक्स पर पोस्ट किया, 'केवल 11 साल की उम्र में इंग्लैंड की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी बनने पर बोधना शिवानंदन को बहुत-बहुत बधाई। हम एक बार डाउनिंग स्ट्रीट गार्डन में एक-दूसरे के खिलाफ खेले थे। उनकी सफलता कोई हैरानी की बात नहीं है।'

# महिला चैंपियंस लीग : बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड पर दागे 6 गोल, आठवीं बार सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना



बार्सिलोना ने एक बार फिर दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया और महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया। बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 6-2 से जीता था।

इस तरह से उसने कुल मिलाकर 12-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार की चैंपियन टीम बार्सिलोना की तरफ से दूसरे चरण में कैरोलिन ग्राहम हैनसेन ने दो गोल जबकि एलेक्सिया पुटेलस, इरेन पारेडेस, ईवा पजोर और एस्मी ब्रुग्ट्स ने एक-एक गोल किया। बार्सिलोना सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख का सामना करेगा। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में ओलंपिक लियोनेस ने को वोल्फ्सबर्ग को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला मौजूदा चैंपियन आर्सेनल से होगा। वोल्फ्सबर्ग पहले चरण के बाद 1-0 से आगे था। इस तरह से लियोनेस ने कुल 4-1 से जीत दर्ज की।

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप: निकहत जरीन प्रिया और प्रीति पवार ने पदक पक्का किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। निकहत ज़रीन, प्रिया और प्रीति पवार ने के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में भारत के खिलाड़ियों ने तीन पदक पक्के कर लिए है। यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित की जा रही है। महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में निकहत का दबदबा रहा और उन्होंने फिलीपींस की शियान बागहिन को पहले ही राउंड में रेफरी द्वारा मुकाबले को रोके जाने के आदेश से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में निकहत का मुकाबला चीन की वू यू से होगा, जिन्होंने 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने संयम और परिपक्वता का परिचय देते हुए चीन की चेंग्यू यांग को 4-1 से हराया। सेमीफाइनल में प्रिया का मुकाबला मंगोलिया की नामुन मोनखोर से होगा। 54 किलोग्राम वर्ग में, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक विजेता प्रीति ने पांचवें दिन के सबसे शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति ने मंगोलिया की मुंगुन त्सेत्सेग को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में प्रीति का मुकाबला इम ऐजी के साथ होगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इससे पहले टूर्नामेंट में, विश्वनाथ सुरेश (पुरुष 50 किलोग्राम) और सचिन (पुरुष 60 किलोग्राम) ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में अपने-अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीते थे। दीपक ने टूर्नामेंट में पहले पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में अपना पहला दौर का मुकाबला जीता था, क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के ज़ियाद ईशाश से 4-1 से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

- यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में चल रही

- भारत ने महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यीय टीम भेजी



## अरामको चैंपियनशिप

# अदिति का सर्वश्रेष्ठ, 58वें स्थान पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| लास वेगास



अदिति अशोक ने भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह अरामको चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 58वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में दो ओवर 72 का स्कोर बनाया। भारत की अन्य खिलाड़ियों में अवनि प्रशांत, दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।

अवनी और दीक्षा तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर, जबकि प्रणवी चार ओवर 76 के स्कोर के साथ संयुक्त 90वें स्थान पर हैं। कट दो ओवर पार पर निर्धारित किया गया है। इससे अदिति मुश्किल में पड़ गई हैं जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों पर दूसरे दौर के बाद बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। पहले दौर के बाद जापान की मियू यामाशिता और नासा हाटाओका तथा अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इन तीनों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।

## टेक्सास ओपन

# येल्लामाराजू की अंडर 69 स्कोर से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| सैन एंटोनियो



भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येल्लामाराजू ने वैलेरो टेक्सास ओपन में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं।

पहले दौर के बाद मार्क हबर्ड शीर्ष पर काबिज थे। उन्होंने सात अंडर 65 का स्कोर बनाया। हबर्ड ने चौथे होल में बोगी की लेकिन इसके बाद उन्होंने आठ बर्डी लगाकर दिन का अच्छा समापन किया। येल्लामाराजू ने 10वें, 11वें और 12वें होल में लगातार तीन बर्डी लगाकर शुरुआत की, लेकिन 15वें और 18वें होल पर वह बोगी कर बैठे। उन्होंने 17वें होल में एक और बर्डी हासिल की। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले 9 होल की शुरुआत दो बर्डी से की, लेकिन पांचवें और सातवें होल पर शॉट गंवा दिए। उन्होंने नौवें होल पर बर्डी के साथ पहले दौर का समापन किया।

## इंटरनेशनल सीरीज जापान

# करणदीप दूसरे स्थान पर, जीव को कट हासिल

एजेंसी ▶▶| चीबा



भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने 20 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज जापान में लगातार दूसरा बोगी मुक्त दौर खेला, जिससे वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। कोचर (67-65) छह-अंडर 65 के कार्ड से पार-71 कोर्स पर 10-अंडर के कुल स्कोर पर हैं।

कट में जगह बनाने वाले एकमात्र अन्य भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह (72-69) हैं, जिन्होंने 17वें होल पर बर्डी लगाकर एक-अंडर पर कट में जगह बनाई। कोचर ने पहले दिन तीन बर्डी लगाई थीं और कोई बोगी नहीं की थी। उन्होंने दूसरे दौर में भी कोई बोगी नहीं की और पांच बर्डी लगाई। वह जापान के शुगो इमाहारा (67-65) के साथ दूसरे स्थान पर हैं और कोरिया के होंगटेक किम (64-67) से एक स्थान पीछे हैं।




# ईरान का आरोप- युद्ध में 600 से अधिक स्कूल तबाह, बच्चों की पढ़ाई पर असर

ईरान की अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर ध्यान देने की मांग

*ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका और इजराइल के हमलों में अब तक 600 से ज्यादा स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इन हमलों से स्कूलों की इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। साथ ही कई जगह छात्रों और शिक्षकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई हैं*

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 35वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है।

ईरान ने दावा किया है कि 28 फरवरी से जारी हमलों में देश के शिक्षा क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के हमलों में अब तक 600 से ज्यादा स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इन हमलों से स्कूलों की इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। साथ ही कई जगह छात्रों और शिक्षकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई हैं। इस घटनाक्रम के बाद ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर ध्यान देने और कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, लगातार जारी हमलों के कारण देश में शिक्षा व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।


ईरान ने इजराइल के रमत गन शहर पर क्लस्टर बम से हमले में अपने क्षतिग्रस्त घर को देखती महिला

### आईआरजीसी का दावा

## तेल पर अवीव पर जोरदार हमला



ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने तेल अवीव और एय्लात में इजराइली सेना और सैन्य औद्योगिक कंपनियों पर ताजा हमले करके भारी नुकसान पहुंचाया है। आईआरजीसी ने कहा कि इन हवाई हमलों में इजराइली ठिकानों और उपकरणों को नष्ट किया गया। इजराइल की तरफ से अब तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इलाके में सुरक्षा अलर्ट और एंटी-मिसाइल सिस्टम सक्रिय हैं।

### ईरान और ओमान के बीच हो रही बातचीत

## होर्मुज प्रबंधन को लेकर बना रहे प्रोटोकॉल

होर्मुज जलडमरूमध्य के संयुक्त प्रबंधन को लेकर ओमान और ईरान के बीच बातचीत हो रही है। इसका उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा इस जलमार्ग हेतु एक प्रोटोकॉल तैयार करना है। दुनिया के तेल-गैस का पांचवां हिस्सा यहां से गुजरता है। प्रोटोकॉल की जानकारी अस्पष्ट है। हालांकि, अन्य खाड़ी देश भी किसी भी योजना में शामिल होने पर जोर दे रहे हैं।

## ईरानी तेल टैंकर चीन की तरफ मुड़ा, 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा




भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, और इसे 4 अप्रैल को गुजरात के पास पहुंचना था लेकिन उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे भुगतान से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। पहले आपूर्तिकर्ता 30 से 60 दिन का क्रेडिट देते थे, लेकिन अब वे एडवांस या तुरंत भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसी वजह से डील अटक गई और टैंकर ने रूट बदल लिया। हालांकि, अगर पेमेंट से जुड़े मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो टैंकर दोबारा भारत की ओर भी आ सकता है। वाडिनार पोर्ट पर नायरा एनर्जी की करीब 20 मिलियन टन क्षमता वाली रिफाइनरी है, जहां इस टैंकर के पहुंचने की संभावना थी।

### भारत की ओर बढ़ रहा एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी', 58 हजार एमटी एलपीजी

58,811 मीट्रिक टन की क्षमता वाला भारत का एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी' होर्मुज के जलडमरूमध्य को पार कर रहा है, जो पश्चिमी एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राहत है। 'ग्रीन सान्वी' ने अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम चालू कर दिया है और क्यूशम-लारक क्रॉसिंग की ओर बढ़ रहा है। 'ग्रीन सान्वी' पश्चिम एशिया के तनाव शुरू होने के बाद से होर्मुज से गुजरने वाला सातवां भारत-आने वाला एलपीजी वाहक है। टैंकर अपनी पहचान 'इंडिया शिप इंडिया क्रू' के रूप में दिखा रहा है ताकि आईआरजीसी बलों द्वारा लक्षित होने के जोखिम को कम किया जा सके।


### ईरान ने बदली युद्ध की रणनीति

## कुवैत में पानी और यूएई में तेल के प्लांट पर किया जोरदार हमला


कुवैत की ऑयल रिफाइनरी पर दूसरी बार हमला

*ईरान ने मिडिल ईस्ट में जंग का रुख बदल दिया है। उसने कुवैत के पानी प्लांट और अबू धाबी के गैस प्लांट पर हमलों से खाड़ी देशों में हड़कंप मच गया है। कुवैत के मीना अल-अहमदी पोर्ट पर बनी ऑयल रिफाइनरी पर दो हफ्तों में तीसरी बार हमला हुआ है। यह मिडिल ईस्ट की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है। कुवैत और ईरान की दूरी सिर्फ 80 किमी दूर है। वहीं, ईरान ने अबू धाबी में हबशन गैस फैसिलिटी के पास एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा एक हमले को इंटरसेप्ट किया गया, लेकिन इसके बाद गिरे मलबे से आग लग गई। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्लांट का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।*

## ईरान की नई धमकी- छुआ तो मिडिल ईस्ट में 8 ब्रिज उड़ा देंगे



ईरान ने मिडिल ईस्ट के 8 बड़े पुलों की सूची जारी कर उन्हें तबाह करने की धमकी दी है। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघरी ने कहा कि अगर हमारे पुल, बिजली घर या ऊर्जा ढांचे को छुआ, तो हम आपके पूरे क्षेत्र के ठिकाने खत्म कर देंगे। ईरान की सूची मेंशेख जाबेर अल-अहमद समुद्री पुल (कुवैत), शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज, शेख खलीफा ब्रिज (यूएई), किंग फहद कॉजवे (सऊदी अरब-बहरीन) और जॉर्डन के किंग हुसैन, डामिया और अबदून ब्रिज शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका और इजराइल ने ईरान के करज शहर में बी1 ब्रिज पर दो बार हमला किया था।

### अमेरिकी हमले से ईरान में 3 की मौत

ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तरी हिस्से में एक रिहायशी इलाके पर हुए हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। तेहरान में स्थित शाहिद बेहेश्ती यूनिवर्सिटी पर अमेरिकी लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई हमले का दावा सामने आया है। यह हमला देश की प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं में से एक को निशाना बनाकर किया गया। हमले के बाद इलाके में धुआं और नुकसान के दृश्य सामने आए हैं, हालांकि अभी तक किसी बड़े जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# बोले राजनाथ, एक मजबूत और सक्षम नौसेना आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है

रक्षा मंत्री की मौजूदगी में नौसेना में शामिल हुआ तारागिरी युद्धपोत

**तारागिरी का वजन 6,670 टन, लंबाई-149 मीटर, चौड़ाई-17.8 मीटर है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े की युद्धक क्षमता में शुक्रवार को कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिली है। आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित पूर्वी नौसैन्य कमांड मुख्यालय में आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में अत्याधुनिक स्टेल्थ फ्रिगेट 'आईएनएस तारागिरी' को नौसेना में कमीशन किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस दौरान उपस्थित रहे। युद्धपोत का डिजाइन नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया और इसका निमार्ण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने 200 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की मदद से किया है। तारागिरी की स्टेल्थ तकनीक, इसे जटिल समुद्री परिवेश में अपने रडार सिग्नेचर को बेहद कम करके दुश्मन की नजर से आसानी से ओझल होने की ताकत प्रदान करती है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने 3 अप्रैल को जारी किए गए एक बयान के जरिए दी है।

### जटिल मार्गों की सुरक्षा में जुटी नौसेना




समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया। जिसमें उन्होंने एक ओर कहा कि देश का 95% व्यापार समुद्र के रास्ते होता है, हमारी ऊर्जा सुरक्षा समुद्र पर निर्भर करती है। इसलिए भारत के लिए एक मजबूत और सक्षम नौसेना का निर्माण वर्तमान समय का महज विकल्प मात्र नहीं बल्कि सबसे बड़ी आवश्यकता है। जबकि दूसरी ओर उन्होंने इस युद्धपोत को देश की बढ़ती हुई तकनीकी ताकत, आत्मनिर्भरता और दुर्जेय शक्ति का प्रतीक बताया है।

### समुद्री केबल नुकसान से बैठेगी व्यवस्था

*उन्होंने कहा कि देश की तटीय सीमा 11 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी है और हमारा देश तीनों ओर से समुद्र से घिरा हुआ है। जिसे देखते हुए महासागर को दरकिनार कर हम अपने विकास की परिकल्पना नहीं कर सकते हैं। उभरते हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच समुद्री क्षेत्र का महत्व सराहनीय रूप से बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितताओं के बीच नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में मौजूदगी का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। महासागर की विशालता के मुताबिक कई संवेदनशील इलाके हैं। जहां नौसेना की लगातार सतर्क निगरानी बनी हुई है, जिससे सेवाओं की सरल, सुलभ आवाजाही बनी हुई है। सरकार नौसेना को दुनिया की सबसे मजबूत समुद्री सेना बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।*

### लिएंडर श्रेणी का नया रूप तारागिरी

*नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा, तारागिरी युद्धपोत नौसेना में 1980 में कमीशन किए गए लिएंडर श्रेणी का नया रूप है। जिसने भारत के पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और रणनीतिक नवाचार के क्षेत्र में एक अहम भूमिका निभाई थी। भू-राजनीतिक संकट, उभरती हुई तकनीक जैसे मसलों के बीच आईओआर में बढ़ती जटिल चुनौतियों के मद्देनजर नौसेना हमेशा युद्ध के लिए तैयार, भरोसेमंद और भविष्य की तैयारी के साथ राष्ट्र हितों की सुरक्षा करने के लिए डटी हुई है।*

### परंपरागत दायरे से बाहर निकलना होगा

*राजनाथ ने कहा, आज के आधुनिक युग में ज्यादा डेटा पानी के अंदर मौजूद इंटरनेट केबल के माध्यम से कार्य करता है। जिस पर आने वाले किसी संकट से संपूर्ण वैश्विक व्यवस्था बाधित हो सकती है। नौसेना को एक व्यापक, भविष्य के लिए तैयार फ्रेमवर्क के साथ परंपरागत सुरक्षा की सोच से आगे बढ़कर सोचने की दरकार है। तटीय सुरक्षा से बाहर जटिल व भीड़भाड़ वाले समुद्री मार्गों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर भी ध्यान देना चाहिए। क्योंकि इनका संबंध हमारे राष्ट्रीय हितों से है। उन्होंने कहा कि जैसे ही तनाव बढ़ता है, नौसेना समुद्री वाणिज्यिक जहाजों और तेल के टैंकरों को सुरक्षा प्रदान करने की गारंटी देने के साथ आगे आती है। जिसमें वो न केवल राष्ट्रीय हितों की रक्षा करती है। बल्कि हमारे नागरिकों, दुनियाभर में मौजूद व्यापारिक मार्गों को भी सुरक्षा कवच प्रदान करती है।*

### तारागिरी की विशेषताएं

*तारागिरी नौसेना की परियोजना-17 (ए) श्रेणी का चौथा युद्धपोत है। जिसका कुल वजन (विस्थापन क्षमता) 6 हजार 670 टन, लंबाई 149 मीटर, चौड़ाई (बीम) 17.8 मीटर और ड्राफ्ट 22.5 मीटर है। युद्धपोत में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। इसके अलावा यह आधुनिक रडार, सोनार और मिसाइल सिस्टम जैसे एंटी-शिप सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल तथा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (बराक-8) से लैस है। तारागिरी का ये जंगी सिस्टम उसे दुश्मन की गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर अपनी सुरक्षा और जवाबी प्रतिक्रिया देने के काबिल बनाता है। समुद्री सुरक्षा के मद्देनजर यह उच्च-तीव्रता वाली कार्रवाई, समुद्री डाकुओं के खिलाफ अभियानों, तटीय निगरानी और मानवीय सहायता जैसे मिशन को अंजाम देने में पूर्णतः दक्ष है। जिसके चलते नौसेना इसे जहां कहीं भी तैनात करेगी, ये संपूर्ण क्षेत्र की शांति-सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि देश की समुद्री सेना हमारे राष्ट्रीय हितों से जुड़े हुए चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों, व्यस्ततम गलियारों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा कर रही है। जिससे भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में दुनिया में स्थापित हो रहा है।*




# यूएन ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के काम की सराहना की

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयॉर्क में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य आपूर्ति मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था।

### कमजोर नागरिकों तक पहुंचाई मदद

*दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। नया रास्ता बनने से क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ेगी।*

### 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में

*बता दें, जनवरी 2026 तक, भारत सूडान में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाला देश था, जिसके 1,779 जवान इस शांति मिशन में तैनात थे। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दक्षिण सूडान में हालात बहुत खराब थे। 8 राज्यों में करीब 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में आए थे। इस आपदा की वजह से लगभग 3 लाख 75 हजार 600 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109